

दैनिक सुप्रभात रायपुर आम आदमी का खास अखबार

# प्रतिदिन राजधानी



संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी ▸ प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी ▸ वर्ष : 26 ▸ अंक : 113 रायपुर, मंगलवार, 12 मई 2026 ▸ पृष्ठ : 12 ▸ मूल्य ₹ 2.00 RNI NO. CHH HIN/2001/05596


3 अब कोई भी गाँव ...

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444

सड़क पार करने से भी ... 8

जिन किसी व्यक्ति को समाचार या विज्ञापन देना है संपर्क करे : मो. नं. 9806044444, 6262904444 इस नंबर के अलावा अन्य नंबर पर दी गई सूचना से समाचार पत्र का लेना-देना नही रहेगा...

# दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती : पीएम मोदी

**एजेंसी, एगिर सोमनाथ**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को झुका नहीं सकती और न ही उसे दबाव में ला सकती है। उन्होंने कहा कि 1998 के पोखरण परमाणु परीक्षणों ने दुनिया को भारत की अटल राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय कराया था।

गुजरात के सोमनाथ मंदिर में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 11 मई 1998 को भारत ने पोखरण में पहले तीन परमाणु परीक्षण किए थे और उसके बाद दुनिया भर की शक्तियों ने भारत पर विभिन्न प्रकार के प्रतिबंध लगाए थे। उन्होंने कहा, 卐11 मई के बाद दुनिया हम पर टूट पड़ी थी, लेकिन 13 मई को भारत ने दो और परमाणु परीक्षण किए। इससे दुनिया को पता चला कि भारत की राजनीतिक इच्छाशक्ति कितनी अटल है।

उन्होंने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह दिखाया था कि भारत के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। मोदी ने कहा, 卐दुनिया की कोई ताकत भारत को झुका नहीं सकती, दबाव में नहीं ला सकती।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पोखरण परमाणु परीक्षणों को 'ऑपरेशन शक्ति' नाम दिया था, क्योंकि शिव और शक्ति की आराधना भारत की परंपरा रही है। उन्होंने कहा कि यही विचार देश की वैज्ञानिक प्रगति का भी प्रेरणास्रोत बना।

मोदी ने कहा कि सोमनाथ अमृत महोत्सव केवल अतीत का उत्सव नहीं, बल्कि अगले एक हजार वर्षों के लिए भारत की प्रेरणा का पर्व है। उन्होंने कहा कि 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद 1951 में सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा ने भारत की स्वतंत्र चेतना का उद्घोष किया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वतंत्रता के समय सरदार वल्लभभाई पटेल ने 500 से अधिक रियासतों का एकीकरण कर आधुनिक भारत की नींव रखी और सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के जरिए दुनिया को संदेश दिया कि भारत केवल स्वतंत्र ही नहीं हुआ, बल्कि अपनी प्राचीन गौरवशाली विरासत को पुनर्स्थापित करने की दिशा में भी आगे बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा कि इतिहास में महमूद गजनवी और अलाउद्दीन खिलजी जैसे कई आक्रांताओं ने सोमनाथ मंदिर को नष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन यह मंदिर हर बार फिर खड़ा हो गया। मोदी ने कहा कि आक्रांता भारत की वैचारिक शक्ति को समझ नहीं सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते वर्षों में सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में उन्हें मंदिर और क्षेत्र की सेवा का अवसर मिला और अब देशभर के तीर्थ स्थलों के विकास का जो अवसर मिल रहा है, वह भगवान सोमनाथ की कृपा है।

## सोमनाथ अमृतपर्व-2026 में प्रधानमंत्री ने किया प्रथम ज्योतिर्लिंग का पूजन



गुजरात के सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित 'सोमनाथ अमृतपर्व–2026' के ऐतिहासिक समारोह में प्रधानमंत्री एवं सोमनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेंद्र मोदी प्रभास पाटन पहुंचे और प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ का दर्शन–पूजन किया।

इस दौरान भारतीय संस्कृति, आस्था और गौरव के प्रतीक भगवान सोमनाथ महादेव मंदिर में सोमवार को 'सोमनाथ अमृतपर्व–2026' पूरे मंदिर परिसर में शंख, डमरू और 'हर–हर महादेव' के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बन गया।

प्रधानमंत्री मोदी के आगमन पर मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर परिसर तक जोरदार स्वागत की व्यवस्था की गई थी। भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाती प्रस्तुतियों के माध्यम से उनका अभिनंदन किया गया। मार्ग में प्रधानमंत्री ने सोमनाथ विषय पर निर्मित आकर्षक रेत शिल्प का अवलोकन भी किया। 75 ढोलवादकों के नाद तथा तूतारी की गूंज के बीच पारंपरिक वेशभूषा में सजी लगभग 100 बालिकाओं और कन्याओं ने सिर पर अमृत कलश धारण कर प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

## आईसीएमआर ने उद्योग जगत को सौंपीं तीन स्वदेशी मेडिकल तकनीकें

**एजेंसी, नई दिल्ली**

'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' के अवसर पर आयोजित 'विज्ञानङ्कटेक' कार्यक्रम में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने अपनी तीन स्वदेशी मेडिकल तकनीकों का उद्योग जगत को हस्तांतरण किया। इनमें प्रोस्टेट बायोप्सी गाइडेंस के लिए किफायती पीएसपी94 एलीसा तकनीक, रक्त जमाव विकार की जांच के लिए प्वाइंट ऑफ केयर डायग्नोस्टिक तकनीक और डेंगू, चिकनगुनिया तथा जीका वायरस की पहचान के लिए सिंगल ट्यूब मल्टीप्लेक्स आरटी–पीसीआर तकनीक शामिल हैं।

## बीजापुर से नक्सलियों के छिपाकर रखी मशीनरी और अन्य सामग्री बरामद

**बीजापुर, (प्रतिदिन राजधानी)**



बीजापुर जिले के थाना गंगालूर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोडीतुमनार पटेलपारा पहाड़ी इलाके से नक्सलियों के पूर्व में छिपाकर रखे गये विस्फोटक तैयार करने के मशीन एवं अन्य नक्सल सामग्री बड़ी मात्रा में सुरक्षाबलों ने सोमवार को बरामद किया।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि डोडीतुमनार के जंगल–पहाड़ी क्षेत्र में नक्सली गतिविधियां संचालित होती रही हैं और वहां भारी मात्रा में नक्सल सामग्री छिपाकर रखी गई है। इस पर पुलिस सहायता केंद्र पीडिया और थाना गंगालूर की संयुक्त पुलिस टीम ने इलाके में सघन सर्चिंग अभियान चलाया। सर्चिंग के दौरान जवानों को जमीन के भीतर बनाया गया एक संदिग्ध बंकर मिला। डिमाइनिंग और सुरक्षा जांच के बाद बंकर को खोला गया, जहां से बड़ी मात्रा में डंप नक्सली सामान बरामद किया गया।

बरामद नक्सल सामग्री में होंडा कंपनी के दो जनरेटर, दो लेथ मशीन, एक इन्वर्टर, चार बड़ी बैटरियां, एक छोटी बैटरी, आठ सोलर प्लेट, एक मोटर, एक वेल्डिंग मशीन, एक ड्रिल मशीन, एक देशी बीजीएल लॉन्चर, 29 बीजीएल सेल, लगभग 50 मीटर कॉर्डेक्स वायर और दो प्लास्टिक ड्रम शामिल हैं।

बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जीतेंद्र कुमार यादव ने पुष्टि करते हुए बताया कि बरामद सामग्री का उपयोग नक्सली विस्फोटक तैयार करने और तकनीकी गतिविधियों में करते थे।

## शुभेंदु अधिकारी पीए हत्या के तीन आरोपितों को 13 दिनों की सीआईडी हिरासत

**एजेंसी, कोलकाता**



पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में पुलिस ने बिहार और उत्तर प्रदेश से तीन शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपितों को सोमवार को उत्तर 24 परगना जिला स्थित बारासात एसीजेएम अदालत में पेश किया गया, जहां अदालत ने इन्हें 13 दिनों की सीआईडी हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सीआईडी आरोपितों से पूछताछ कर हत्या की साजिश, फंडिंग, हथियार सप्लाई और संभावित मास्टरमाइंड के बारे में जानकारी जुटाएगी।आरोपितों में एक को बिहार के बक्सर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र से पकड़ा गया, जबकि दो को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया। पश्चिम बंगाल पुलिस, बिहार पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस संयुक्त रूप से मामले की जांच में जुटी हुई हैं।जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपितों ने टोल प्लाजा पर ऑनलाइन पेमेंट किया था। इसी डिजिटल लेनदेन के आधार पर पुलिस को आरोपितों तक पहुंचने में सफलता मिली। सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित पेशेवर शार्प शूटर हैं, जिन्हें हथियार चलाने का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त है।

## पंजाब में भाजपा के कई कार्यालयों में तोड़फोड़ व हमला



**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद पंजाब की स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। रविवार को पंजाब के कई जिलों में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं तथा भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच टकराव की स्थिति पैदा होने के बाद सोमवार को सीमावर्ती जिला तरनतारन तथा राजधानी चंडीगढ़ से सटे मोहाली जिले में भाजपा कार्यालयों में तोडफ़ोड़ की गई। हालात बिगड़ते देख पुलिस ने स्थिति को संभाला।

सीमावर्ती जिला तरनतारन में आज भाजपा कायार्लय पर हमला हुआ है। 15 से 20 लोग अचानक ऑफिस में लाठी–डंडे लेकर दाखिल हुए और तोडफ़ोड़ की। कुर्सियां और अन्य सामान को नुकसान पहुंचाया व नारेबाजी भी की। इस दौरान कुछ पत्थर फेंकते दिखे।

## नई श्रम संहिताओं पर खरगे ने उठाए सवाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार द्वारा नई श्रम संहिताओं को अधिसूचित किए जाने के बाद इस मुद्दे पर राजनीतिक बहस तेज हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन श्रम संहिताओं को मजदूर–विरोधी बताते हुए सरकार पर श्रमिक अधिकारों को कमजोर करने का आरोप लगाया है।

खरगे ने सोमवार को एक बयान में आरोप लगाया कि सरकार ने विधानसभा चुनावों के बाद राजपत्र अधिसूचनाओं के जरिए चार नई श्रम संहिताओं को लागू किया। उन्होंने कहा कि इन प्रावधानों से 'हायर एंड फायर' की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिल सकता है और करोड़ों श्रमिकों की नौकरी सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने वेतन संहिता 2019 पर आपत्ति जताते हुए कहा कि मूल वेतन को कुल वेतन का 50 प्रतिशत अनिवार्य करने से कर्मचारियों के हाथ में आने वाली राशि प्रभावित हो सकती है। व्यावसायिक सुरक्षा,



स्वास्थ्य एवं कार्य दशा संहिता 2020 को लेकर कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सुरक्षा नियमों के उल्लंघन को आपराधिक दायरे से बाहर करने से श्रमिक हित प्रभावित हो सकते हैं।

सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 पर कांग्रेस ने गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के लिए स्पष्ट लाभ व्यवस्था नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ज़ोमैटो, स्विगी जैसे प्लेटफॉर्म पर काम करने वाले गिग मज़दूरों के लिए बीमा या फंडिंग का कोई स्पष्ट मॉडल नहीं है। 90 प्रतिशत असंगठित मज़दूरों के लिए ये लाभ केवल कागजी औपचारिकता बनकर रह गए हैं।

औद्योगिक संबंध संहिता 2020 के तहत हड़ताल से पहले नोटिस अवधि बढ़ाने और 300 कर्मचारियों तक की इकाइयों में छंटनी संबंधी प्रावधानों को लेकर भी विपक्ष ने चिंता जताई है। खरगे ने कहा कि हड़ताल से पहले 60 दिन का नोटिस अनिवार्य कर दिया गया है। अब 300 कर्मचारियों वाली कंपनियां बिना सरकारी अनुमति के छंटनी कर सकेंगी जबकि पहले यह सीमा 100 कर्मचारियों तक की इकाइयों पर लागू थी।

खरगे ने कहा कि कांग्रेस न्यूनतम मजदूरी बढ़ाने, मनरेगा के विस्तार, असंगठित श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा और ठेका प्रथा पर नियंत्रण जैसे मुद्दों के लिए प्रतिबद्ध है।

### छग का राष्ट्रीय गौरव : प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के उत्कृष्ट रखरखाव में देश में मिला दूसरा स्थान

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रजत जयंती समारोह में राज्य को किया सम्मानित

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

छत्तीसगढ़ ने ग्रामीण अधोसंरचना के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश के सीहोर (भेरूंदा) में आयोजित रजत जयंती समारोह में छत्तीसगढ़ को ग्रामीण सड़कों के उत्कृष्ट रखरखाव और संधारण के लिए देश भर में द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के कुशल नेतृत्व में ग्रामीण क्षेत्रों को बारहमासी सड़कों से जोड़ने और उनके दीर्घकालीन रखरखाव के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### केंद्रीय मंत्री द्वारा सम्मान

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य को यह प्रतिष्ठित सम्मान प्रदान किया। समारोह में



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित कई केंद्रीय राज्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। राज्य की ओर से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह तथा प्रमुख अभियंता के.के. कटारे ने यह पुरस्कार ग्रहण किया।

### सफलता के मुख्य कारकर पारदर्शिता और ई-गवर्नेंस

छत्तीसगढ़ को यह सम्मान रखरखाव (पोस्ट डिफेक्ट लायबिलिटी पीरियड) श्रेणी में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मिला है। राज्य की इस सफलता के पीछे निम्नलिखित प्रमुख कारण रहे। ई–गवर्नेंस आधारित इस पोर्टल के माध्यम से सड़कों की निगरानी और ठेकेदारों के भुगतान की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया। दोष दायित्व अवधि के बाद भी सड़कों की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए प्रभावी मॉनिटरिंग सिस्टम। यह अवार्ड राज्य में सड़कों की गुणवत्ता, सुशासन और बेहतर ग्रामीण कनेक्टिविटी के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### आंकड़ों में छत्तीसगढ़ की उपलब्धि

सड़क नवीनीकरण वर्ष 2010–11 से अब तक 32 हजार किमी लंबी 8,881 सड़कों का नवीनीकरण किया गया, जिस पर 4,040 करोड़ रुपये व्यय हुए। वर्तमान में 5 वर्ष की संधारण अवधि के तहत 1,157 किमी और 5 वर्ष के बाद की श्रेणी में 12 हजार किमी से अधिक सड़कों का नियमित संधारण किया जा रहा है। जनमन सड़कें देश की कुल जनमन सड़कों का 38 प्रतिशत हिस्सा (2900 किमी) छत्तीसगढ़ में है।

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति को मिला नया गौरव : मुख्यमंत्री साय

### 'राजधानी रायपुर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल हुए मुख्यमंत्री'

■ '75 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण का कार्य हुआ था पूरा'

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं के साथ गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से वर्चुअली जुड़े प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई पूजा – अर्चना का अवलोकन कर उनका संबोधन सुना। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान सोमनाथ मंदिर के स्वर्णिम इतिहास, विदेशी आक्रांताओं द्वारा किए गए हमलों, मंदिर के पुनरनिर्माण यात्रा, वर्तमान सरकार द्वारा किये जा रहे आस्था के केंद्रों का संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प सहित विभिन्न विषयों पर



अपनी बातें देशवासियों से साझा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ था और इसी ऐतिहासिक अवसर को देशभर में स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर अनेक बार बाहरी आक्रांताओं द्वारा हमले किए गए, लेकिन मंदिर की आस्था और परंपरा को समाप्त नहीं किया जा सका। श्री साय ने कहा कि पहली बार आक्रमण के दौरान मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं ने मंदिर नहीं छोड़ा तथा अपने प्राणों का बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका त्याग आज भी इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है।

### तमिलनाडु विधानसभा सत्र

## मुख्यमंत्री विजय के अंदाज, सत्ता-विपक्ष की नई तस्वीर और अन्नाद्रमुक की अंदरूनी कलह बनी चर्चा का केंद्र

**एजेंसी, चेन्नई**

तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद गठित 17वीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार सुबह 9:30 बजे शुरू हुआ। नई सरकार के गठन के बाद आयोजित इस महत्वपूर्ण सत्र में कुछ एक को छोड़कर सभी नवनिर्वाचित विधायकों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। सदन की कार्यवाही के दौरान सत्ता और विपक्ष के नए राजनीतिक समीकरणों के साथ–साथ अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (अन्नाद्रमुक) में बढ़ती अंदरूनी खींचतान भी चर्चा का प्रमुख विषय बनी रही।

प्रोटेम स्पीकर करुप्पैय्या ने सदन की कार्यवाही शुरू करते हुए कहा कि जो विधायक किसी कारणवश सोमवार को शपथ नहीं ले सके, उन्हें



मंगलवार को शपथ ग्रहण का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि विधानसभा अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव मंगलवार को कराया जाएगा। इसके बाद दिनभर की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

तमिलनाडु विधानसभा की कुल 234 सीटों में फिलहाल एक सीट रिक्त है। तिरुचिरापल्ली पूर्व सीट से विधायक चुने गए जोसेफ विजय के इस्तीफे के बाद सदन में 233 विधायक मौजूद रहे। इसके बाद सभी निर्वाचित सदस्यों ने विधिवत शपथ ग्रहण की प्रक्रिया पूरी की।

विधानसभा सचिवालय की ओर से सभी विधायकों को अपने निर्वाचन प्रमाणपत्र साथ लाने के निर्देश दिए गए थे। हालांकि मंत्री कीर्तना अपना विजय प्रमाणपत्र लाना भूल गईं, जिसके कारण वह विधायक के रूप में शपथ नहीं ले सकीं। वहीं के.सी. करुप्पनन भी गलत प्रमाणपत्र लेकर पहुंचने की वजह से शपथ प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए।

## स्वदेशी कौशल और आधुनिक तकनीक ही आत्मनिर्भर भारत की वास्तविक आधारशिला : गडकरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



दिल्ली स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब में आयोजित 'प्रकृति संवाद' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, केंद्रीय सड़क, परिवहन एवम राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि स्वदेशी कौशल और आधुनिक तकनीक का संगम ही आत्मनिर्भर भारत की वास्तविक आधारशिला है।

गडकरी ने इस विचार गोष्ठी में 'स्वदेशी, स्वावलंबन और प्रकृति संरक्षण' के महत्व पर जोर दिया। डॉ. गोविंद जी के विचारों और व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हुए, गडकरी ने भारत को 'ऊर्जा आयात' करने वाले देश के बजाय 'ऊर्जा निर्यात' करने वाला देश बनाने का विजन साझा किया।

मंत्री ने बताया कि भारत वर्तमान में 22 लाख करोड़ रुपए का जीवाश्म ईंधन (पेट्रोल–डीजल) आयात करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पानी से बनने वाली ग्रीन हाइड्रोजन भारत की ऊर्जा निर्भरता को समाप्त कर देगी।

गडकरी ने कहा कि आज का किसान केवल अन्न ही नहीं, बल्कि ऊर्जा, डामर (बिटुमेन) और हवाई ईंधन का भी प्रदाता बन रहा है। 100 प्रतिशत इथेनॉल पर चलने वाली 'फ्लेक्स इंजन' गाड़ियां अब हकीकत हैं। उन्होंने बताया कि इथेनॉल 65 रुपए लीटर है, जबकि पेट्रोल 120 रूपए लीटर, जिससे जनता का पैसा बचेगा।

## पुरूषों के वर्चस्व वाले एक और क्षेत्र में पैर जमाने महिलाएं तैयार

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



पुरूषों के वर्चस्व वाले एक और क्षेत्र में पैर जमाने एवं अपनी पहचान स्थापित करने महिलाएं एक बार फिर तैयार हैं। महिलाओं के लिए अब तक अछूते रहे 'इलेक्ट्रिशियन' का काम सीख कर महिलाएं रोजगार की एक नई राह पर कदम बढ़ा रही हैं। ग्रामीण महिलाओं के लिए एक नए क्षेत्र में रोजगार के अवसर खोलने बिलासपुर के कोनी स्थित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आर-सेटी) में विभिन्न गांवों की 20 महिलाओं को इलेक्ट्रिशियन के काम का प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद ये महिलाएं अब एक नए आकाश में उड़ान के लिए तैयार हैं।

आर-सेटी बिलासपुर में महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए एक नई पहल की गई है। अब ग्रामीण महिलाएं केवल सिलाई, बुनाई या पारंपरिक रोजगार तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे उन क्षेत्रों में भी अपनी पहचान बना रही हैं जिन्हें वर्षों से पुरुष प्रधान माना जाता रहा है। 'बिहान' (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) से जुड़ी बिलासपुर जिले की 20 महिलाएं इस बदलाव की मिसाल पेश कर रही हैं। एक नए व्यवसाय इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा रही हैं।

बिलासपुर के ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में इस साल पहली बार महिलाओं के शुरू किया गया। महिलाओं को तकनीकी कौशल प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाने और रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने के लिए इसकी शुरूआत की गई है।

# अब कोई भी गाँव पहुँचविहीन नहीं रहेगा-राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा

## 5.39 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने शनिवार को जिला बलौदाबाजार-भटापारा जिला के तहसील सुहेला के अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़कीडीह में विकास की नई इबारत लिखी। मंत्री वर्मा ने कुल 5 करोड़ 39 लाख रुपए के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इसमें क्षेत्र की वर्षों पुरानी माँग को पूरा करते हुए बंजारी नाला पर बनने वाले वृहद पुल का आधारशिला रखना प्रमुख रहा। उन्होंने कहा कि गाँव-गांव में सड़कों और पुलों का जाल बिछ रहा है।

मंत्री वर्मा ने बंजारी नाला पुल का भूमिपूजन कर कहा कि पड़कीडीह से टेकरी मार्ग पर 5.20 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह पुल क्षेत्र की कनेक्टिविटी के लिए गेम-चेंजर साबित होगा। इसी तरह ग्रामीणों के सामाजिक आयोजनों के लिए 10 लाख रुपए की लागत से निर्मित सामुदायिक और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुचारू बनाने हेतु 9.85 लाख रुपए की लागत से तैयार नए पीडीएस भवन का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर मंत्री वर्मा ने कहा कि गाँवों में सड़कों और पुलों का जाल बिछ रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार अंत्योदय के संकल्प के साथ काम कर रही है। हमारी सरकार शहर से लेकर गाँव तक बुनियादी ढाँचे को मजबूत कर रही है। हालिया बजट सत्र में हमने पुल-पुलियों और सड़कों के लिए रिकॉर्ड राशि का प्रावधान किया है ताकि कोई भी गाँव विकास की मुख्यधारा से कटा न रहे। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे बताते हुए कहा कि ?महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाया जा रहा है। ?समूहों की गतिविधियों और आपसी चर्चा के लिए महतारी सदन विशेष भवनों का निर्माण किया जा रहा है। मंत्री वर्मा ने कहा कि कृषि एवं वनोपज के उचित मूल्य सरकार द्वारा दिया जा रहा है। तेंदूपत्ता संग्रहण दर 5500 रुपए प्रति मानक बोरा किया गया है। इसी तरह दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के जरिए अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष दौलत पाल, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं भारी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में हुए शामिल

### जगन्नाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना, प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित हरिनाम संकीर्तन नामयज्ञ में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने विधि-विधान के साथ भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने हरिनाम संकीर्तन की परंपरा को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने के साथ-साथ समाज में भाईचारे और सद्भाव का संदेश भी देते हैं। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## पीएम मोदी परिस्थितियों से डरकर सरेंड कर रहे है - दीपक बैज

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के नागरिकों से सोना नहीं खरीदने तथा पेट्रोल, डीजल बचाने की अपील पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्थितियों के सामने सरेंड कर रहे है तथा अपनी जिम्मेदारी से भाग रहे है। प्रधानमंत्री अपनी विफलता को देशभक्ति से जोड़कर जनता को बेवकूफ बना रहे है। यदि देश में पेट्रोलियम, डीजल का संकट है तो उसके पीछे मोदी सरकार की विफल नीतियां है। मोदी सरकार ने अपनी विदेश नीति को भारत की पारंपरिक विदेश नीति को अपनाये होते रूस जैसे भारत के पारंपरिक मित्र के साथ खड़े होते, अमेरिका-ईरान युद्ध में भारत का झुकाव अनावश्यक रूप से अमरिका के साथ नहीं होता तो देश के सामने पेट्रोलियम की कमी समस्या नहीं आती।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मोदी की अपील के बाद भाजपाई, मंत्री, विधायक, पदाधिकारी, साइकिल से चले डीजल-पेट्रोल बचाये। प्रधानमंत्री की सलाह पर अमल पहले उनके दल के लोगों को करना चाहिए, उसके बाद आम जनता से अपेक्षा करे।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सोना नहीं खरीदने का आह्वान कर यह साफ किया कि देश की विदेशी मुद्रा का भंडार न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया है। प्रधानमंत्री आर्थिक प्रबंधन मजबूत करने के बजाय देशवासियों से सोना नहीं खरीदने की अपील करके देश के लोगों में एक भय पैदा कर दिया कि देश की आर्थिक स्थिति खराब यह देश की प्रगति के लिए भी बाधक है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री लोगों से खाद्य तेल का कम उपयोग करने तथा किसानों से उर्वरकों का उपयोग भी कम करने की अपील कर चुके है। ऐसे हालात तभी बनते है जब स्वयं स्थितियों पर नियंत्रण नहीं रख पाती है तो वह नागरिकों के सामने याचना करती है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि देश में 12 सालों से मोदी की सरकार है, इन 12 सालों में मोदी की सरकार ने क्रूड ऑयल भंडारण के लिए एक भी भंडार नहीं बनाये। देश में इस समय कुल 3 भंडारण केंद्र है, पहला विशाखापट्टनम, आंध्र प्रदेश में इसका निर्माण 2008 से 2014 के बीच हुआ। दूसरा मंगलुरू, कर्नाटका में इसका निर्माण 2009 से 2016 के बीच हुआ। तीसरा पेडूर, कर्नाटका इसका निर्माण भी यूपीए सरकार ने कराया 2010 में। देश की कुल तेल और गैस भंडारण क्षमता 5.33 मिलियन टन है। पूरे का निर्माण कांग्रेस की यूपीए सरकार ने किया। मोदी सरकार ने क्या किया?

## निश्चय कार्यक्रम- रायपुर जेल के 67 बंदियों को मिला कौशल प्रमाण-पत्र

### मुख्यधारा में लौटने की नई पहल

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना निश्चय के अंतर्गत आज केंद्रीय जेल और महिला जेल, रायपुर में एक विशेष गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा बंदियों को अपराध की दुनिया से दूर कर स्वावलंबन और सम्मानजनक जीवन की ओर अग्रसर करना है। ज़ेन जी युवा बंदियों को अपराध के दलदल में वापिस जाने से रोकने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ की सभी जेलों में निश्चय कार्यक्रम संचालित है। इस कार्यक्रम में युवा बंदियों को कॉउंसलिंग, अपराध बोध का ज्ञान, स्व-रोजगार उन्मुख कौशल प्रशिक्षण एवं रिहाई उपरांत स्वरोजगार हेतु बैंक के माध्यम से ऋण प्रदाय किया जाता है।

कौशल विकास से आत्मनिर्भरता की ओर

समारोह के दौरान कुल 67 बंदियों को उनकी प्रशिक्षण अवधि पूर्ण होने पर कौशल विकास प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इनमें 38 महिला बंदिनी और 29 पुरुष बंदी शामिल हैं।

निश्चय कार्यक्रम का उद्देश्य उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत के सहयोग से संचालित इस अभियान के तहत बंदियों को अपराध बोध का ज्ञान, मनोवैज्ञानिक काउंसलिंग, और रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जाता है। तकनीकी शिक्षा हेतु कंप्यूटर केंद्र का आगाज़

डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय जेल, रायपुर में आज कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। अब बंदी जेल के भीतर ही कंप्यूटर का बुनियादी और उन्नत प्रशिक्षण प्राप्त कर सकेंगे, जो रिहाई के बाद उनके रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगा।

### आगामी लोन मेला स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता

बंदियों के पुनर्वास को केवल प्रशिक्षण तक सीमित न रखते हुए, उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। 13 मई 2026 को इंडियन ओवरसीज बैंक द्वारा केंद्रीय जेल परिसर में लोन मेला लगाया जाएगा, जिसका उद्देश्य रिहा होने वाले बंदियों को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए सुगमता से ऋण उपलब्ध कराना। इस अवसर पर डीजी (जेल) श्री हिमांशु गुप्ता, जेल अधीक्षक श्री योगेश सिंह क्षत्री, महिला जेल प्रभारी सुश्री गरिमा पांडेय सहित जेल प्रशासन के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खम्हारडीह पानी टंकी निर्माण हेतु शीघ्र भूमिपूजन करेंगे एवं जलसंकट दूर करेंगे - विधायक पुरंदर मिश्रा

### जोन 3 के अधिकारी अवैध कब्जो की शिकायतो का निराकरण करें

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर रायपुर जिला प्रशासन का प्रोजेक्ट धड़कन हृदय रोग से पीडित बच्चों के लिए लाभप्रद सिद्ध हो रहा है - कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह

रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र में रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर निगम जोन 3 के क्षेत्र में में बीटीआई ग्राउंड शंकरनगर के सामने सिंधू भवन में नगर निगम जोन 3 अंतर्गत वार्ड कमांक 12. 29, 30, 31, 33 एवं 48 क्षेत्र के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के निर्देशानुसार सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन रखा गया। जिसमें नगर पालिक निगम रायपुर सहित रायपुर जिले के विभिन्न 16 शासकीय विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति आमजनो की मांगो और शिकायतो को सुनने एवं उनका समाधान करने हेतु रही।

सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा, जलविभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू, जोन 3 अध्यक्ष श्रीमती साधना प्रमोद साहू, वार्ड पार्षद सर्वकैलाश बेहरा, राजेश गुप्ता, प्रदीप कुमार वर्मा, महेश कुमार ध्रुव, श्रीमती पुष्पा रोहित साहू, रायपुर एसडीएम नंदकिशोर चौबे, नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, जोन 3 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, जोन 3 के संबंधित अधिकारीगण, विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा, रायपुर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, आयुक्त संबित मिश्रा ने मंच से प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मोर जमीन मोर मकान घटक अंतर्गत शिविर में आये 13 आवेदनो पर तत्काल मकान निर्माण हेतु जारी भवन अनुज्ञा पत्र संबंधित पात्र हितग्राहियों को प्रदत्त किया। 5 नागरिको को आवेदन देते ही सुशासन तिहार शिविर में नया राशन कार्ड बनाकर दिया गया। नवजात शिशुओ को महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल में अतिथियों ने अन्न प्रासन्न किया। समाज कल्याण विभाग की ओर से आवेदन करते ही नागरिक राजेन्द्र यादव को तत्काल वॉकर उपलब्ध कराया गया। मंच से जानकारी दी गई कि दोपहर 11 बजे से 1 बजे तक सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर में 400 से अधिक नागरिको से अपनी मांगो एवं शिकायतो के आवेदन दिये। जिसमें 139 सामान्य जनशिकायतो का शिविर स्थल पर त्वरित निदान किया गया। नगर निगम जोन 3 द्वारा शिविर में प्राप्त 150 आवेदनों को संबंधित शासकीय विभाग के पास प्रेषित करने तत्काल कार्यवाही की। शिविर में लगभग 349 मांगे एवं शिकायते आमजनों से प्राप्त हुई जिनका समाधान करने नियमानुसार कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई। सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर में प्राप्त मांगो शिकायतो के समाधान की कार्यवाही राज्य शासन के निर्देश पर अधिकतम 1 माह के भीतर संबंधित विभाग द्वारा की जाकर समाधान की लिखित सूचना आवेदक को अनिवार्य रूप से दी जायेगी।

## विधायक मोतीलाल साहू के निर्देश पर विविध नवीन विकास कार्यों को शीघ्र करवाने किया भूमिपूजन

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू ने नगर निगम जोन 10 अंतर्गत पण्डित विद्याचरण वार्ड क्रमांक 50 में जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी, वार्ड 50 पार्षद श्रीमती गायत्री नौरंगे सहित लगभग 1 करोड़ के सीसी रोड, नाली, पुलिया, अमलीडीह मुक्तिधाम निर्माण, बसंत विहार गार्डन मरम्मत, सौंदर्यीकरण, शौचालय मरम्मत आदि विविध नवीन विकास कार्यों को शीघ्र करवाने किया भूमिपूजन

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के निर्देश पर रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 अंतर्गत पण्डित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50 अंतर्गत अधोसारंचना मद अंतर्गत स्वीकृत लगभग 1 करोड़ रूपये की लागत से वार्ड के विभिन्न 17 स्थानों पर सीसी रोड, नाली, पुलिया, अमलीडीह मुक्तिधाम निर्माण कार्य, अमलीडीह शौचालय मरम्मत कार्य, वार्ड 50 में बसंत विहार उद्यान में मरम्मत और सौंदर्यीकरण कार्य आदि विविध नए विकास कार्यों का रायपुर ग्रामीण विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू ने नगर निगम जोन 10 जोन अध्यक्ष सचिन बी. मेघानी, पण्डित विद्याचरण शुक्ल वार्ड क्रमांक 50 की पार्षद श्रीमती गायत्री नौरंगे सहित सामाजिक कार्यकर्त्ता रविन्द्र सिंह ठाकुर, जोन 10 कार्यपालन अभियंता गजाराम कँवर,सहायक अभियंता सुशील अहीर, उप अभियंता राहुल थारानी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, महिलाओं, नवयुवकों, आमजनों की उपस्थिति के मध्य श्रीफल 10 जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से प्राथमिकता बनाकर सुनिश्चित करवाने निर्देशित किया।

## गायत्री सुनील चंद्राकर ने जोन 8 जोन कमिश्नर सहित जलभराव क्षेत्र का अधिकारियों सहित किया निरीक्षण



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर नगर पालिक निगम की महापौर श्रीमती मीनल चौबे के आदेशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर ने जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल सहित कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री गोपीचंद देवांगन, स्वच्छता निरीक्षक श्री रितेश झा की उपस्थिति में जोन 8 अंतर्गत शहीद भगत सिंह वार्ड क्रमांक 21 अंतर्गत उदया सोसायटी क्षेत्र में बारिश में होने वाले जलभराव की समस्या के शीघ्र निदान हेतु सम्बंधित उदया सोसायटी क्षेत्र के रहवासियों की उपस्थिति में प्रत्यक्ष निरीक्षण किया.स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष ने उदया सोसायटी के रहवासियों को सुना और उनका त्वरित निदान करवाने कहा. नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर ने जोन 8 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल और कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा सहित उदया सोसायटी क्षेत्र का निरीक्षण करने के दौरान वहाँ निकास की सुगम प्रबंधन शीघ्र देने तकनीकी सर्वे शीघ्र करवाकर नई नालियाँ बनाने प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए. जोन 8 जोन कमिश्नर ने तत्काल कार्यपालन अभियंता को तत्काल राज्य लोक निर्माण विभाग को अनुरोध पत्र भेजकर जलभराव की समस्या का त्वरित निराकरण करने कहा।

## स्वास्थ्य विभाग ने सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर में चार डिब्बा सफाई प्रणाली पर बनाया जागरूक




रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

आज राज्य शासन के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम जोन 3 क्षेत्र के सभी 7 वाडों हेतु रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में बीटीआई ग्राउड शंकरनगर के सामने सिंधु भवन में सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर लगाया गया। सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर में नगर पालिक निगम जोन 3 जोन अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ प्रमोद साहू ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री पुरन कुमार तांडी की उपस्थिति में जोन 3 स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाये गये स्टॉल का अवलोकन किया। इस स्टॉल में जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह के नेतृत्त्व और कार्यपालन अभियता श्री ईश्वर लाल टावरे, सहायक अभियंता श्री नरेश साहू जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री पुरन कुमार तांडी की उपस्थिति में नगर निगम जोन 3 स्वास्थ्य विभाग द्वारा सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे आमजनो, राहगीरों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 मे दिनाक 1 अप्रैल 2026 से प्रभावशील चार डिब्बा सफाई प्रणाली को लेकर जागरूक बनाया गया और घर पर चार डस्टबिन रखकर हरे डस्टबिन में गीला कुडा नीले डस्टबिन में सूखा कूड़ा, लाल डस्टबिन में सेनेटरी कूड़ा और काले रंग के डस्टबिन में विशेष देखभाल कुडा को पृथक पृथक रखकर और सफाई मित्र को सफाई वाहन में देकर रायपुर सहभागिता दर्ज करने की विनम्र नगर निगम जोन 3 जोन अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ प्रमोद साहू एवं जोन 3 जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री पुरन कुमार ताँडी ने आमजनों और राहगीरो से की।



## सुशासन तिहार में आवेदन करते ही जोन 3 ने पंडित शिवराम स्कूल के पास नाली से अवैध कब्जा तत्काल हटाया

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

आज रायपुर उत्तर विधानसभा अंतर्गत रायपुर नगर निगम जोन 3 अंतर्गत सभी 7 वार्डो के लिए लगाये गये सुशासन तिहार अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर में जोन 3 अंतर्गत नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड क्षेत्र की निवासी महिला द्वारा आवेदन करते ही नगर निगम जोन 3 नगर निवेश विभाग की टीम ने वार्ड क्षेत्र में पडित शिवराम स्कूल के पास नाली पर किया गया अवैध कब्जा स्थल पर पहुंचकर जोन 3 जोन कमिश्नर श्रीमती प्रीति सिंह के निर्देश पर कार्यपालन अभियंता श्री ईश्वर लाल टावरे के नेतृत्व एवं सहायक अभियंता श्री नरेश साहू. उपअभियंता श्री अक्षय भारद्वाज की उपस्थिति में हथौड़े से तोड़कर हटाया गया एवं नाली को कब्जा मुक्त कर स्वच्छता की बाधा को हटाते हुए सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदन का त्वरित समाधान किया गया।

लेख समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशित
हेतु संपर्क करे : 9806044444

प्रतिदिन राजधानी
रायपुर, मंगलवार, 12 मई 2026
https://epaper.pratidinrajdhani.in

## सम्पादकीय

# सोनार बांग्ला का संकल्प

यह भाजपा के लिए आह्लादित होने का वक्त है कि आजादी के बाद पहली बार बंगभूमि में उसकी सरकार बनी है। जिस धूमधाम व उल्लास संग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा व एनडीए के मुख्यमंत्रियों की मौजूदगी में पश्चिम बंगाल में शुभेंदु सरकार का शपथग्रहण समारोहपूर्वक संपन्न हुआ, उससे इसके महत्व का पता चलता है। भाजपा के लिए यह मौका इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि उसकी पूर्ववर्ती मातृ पार्टी जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्मभूमि में सरकार बनाने का सपना पौन सदी बाद पूरा हुआ। दशकों तक वामपंथी दलों का गढ़ रहे बंगाल में दक्षिणपंथ का उदय एक विस्मयकारी घटना है। डेढ़ दशक से सत्ता में काबिज तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से बेदखल करने में भाजपा ने साम-दाम-दंड-भेद के मुहावरे को हकीकत बनाया। कई दशकों के योजनाबद्ध अभियानों के बाद बंगाल में कमल खिला है। आक्रामक प्रचार तंत्र, मजबूत संगठन व संघ के वरदहस्त के चलते आज पश्चिम बंगाल भाजपामय हुआ है। यह पल इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि भाजपा ने कभी वामगढ़ रहे प्रदेश में अपनी यात्रा शून्य से शुरू की है। एक दशक में सुनियोजित अभियान से भाजपा का सत्ता पर काबिज होना भारतीय राजनीति की ऐतिहासिक घटना कही जा सकती है। अब उम्मीद की जानी चाहिए कि शुभेंदु विपक्ष में रहते दिखाए गए आक्रामक तेवरों को छोड़, प्रतिशोध की राजनीति में न उलझकर, इस परिवर्तन को सार्थक बनाएंगे। कुछ ऐसा करें कि देश में शुभेंदु विकास मॉडल की चर्चा हो।

निस्संदेह, बंगाल में मिली बड़ी कामयाबी का श्रेय केंद्रीय नेतृत्व व पार्टी संगठन के साथ ही शुभेंदु अधिकारी को दिया जाना चाहिए, जिन्होंने सत्ता के दमन का सामना करते हुए न केवल संगठन को मजबूत बनाये रखा, बल्कि नंदीग्राम से लेकर भवानीपुर तक बंगाल की शेरनी कही जाने वाली ममता बनर्जी को सीधी लड़ाई में परास्त भी किया। वे पिछले पांच वर्ष से सड़क से विधानसभा तक में आक्रामक ढंग से टीएमसी का प्रतिरोध करते रहे। लेकिन अब जब उन्हें राज्य की बागडोर सौंपी गई है तो उम्मीद करें कि वे राज्य की कानून व अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाएंगे। उद्योग विरोधी नीतियों को दूर कर, राज्य में भारी निवेश को आमंत्रित करके बेरोजगारी संकट को दूर करने का प्रयास करेंगे। राज्य में कानून व्यवस्था, खासकर महिला सुरक्षा का बड़ा मुद्दा रहा है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद राज्यव्यापी आक्रोश पनपा था। संदेशखाली में महिलाओं से दुर्व्यवहार व हिंसा की घटनाएं लोगों को याद हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर विशेष....

# समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

**फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है।**




योगेश कुमार गोयल।

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी इस वर्ष हम 206वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को एक विशेष थीम के साथ 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। इस वर्ष यह दिवस 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण, उचित वेतन और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नर्सों को सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि रोगी देखभाल और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार किया जा सके। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 206 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना।

फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यो के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है। उनके सम्मान में ही उनके जन्मदिवस 12 मई को 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की गई।

# दुनिया में सबसे अनमोल है जीवन की शांति



आज दुनिया को जिस चीज की सर्वाधिक आवश्यकता है वह है जीवन की शांति। व्यक्ति के जीवन की शांति से ही, परिवार, समाज व देश में शांति संभव है। अक्सर पूछा जाता है कि शांति की परिभाषा क्या है, किसको शांति कहते हैं। किसी ने कहा, युद्ध न होना ही शांति है। लेकिन दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां युद्ध नहीं है तो क्या वहां शांति है... किसी ने कहा कि आवाज का अभाव शांति है... तो क्या आवाज नहीं होना शांति है। दरअसल, जीवन में जैसा आप सोचेंगे वैसे ही अनुभव करेंगे। वैसा ही हमारा जीवन होगा। लेकिन जो मन की शांति है, वो बाहर नहीं मिलेगी। इसीलिए कहा जाता है कि अंदर शांति है तो बाहर शांति।

सही मायने में शांति मन की स्थिति है। शांति आत्मा का स्वभाव है। आत्मा का स्वधर्म शांति। जहां आत्मा अपने स्वधर्म को महसूस करती है, वहां शांति व्याप्त होती है। हर चीज का अपना स्वभाव होता है। प्रकृति का अपना स्वभाव है। जैसे हवा का स्वभाव वेग है। जल का स्वभाव शीतलता है। आत्मा का स्वभाव स्वभावत: शांति है। इसी कारण हर कोई शांति चाहता है। हम अपने कर्म और स्वभाव के अनुसार शांति की इच्छा रखते हैं, क्योंकि यह हर किसी का मूल स्वभाव है। शांति का अनुभव किया जा सकता है और इसे ध्यान के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। पहले हम अपनी आत्मा को पहचानें कि मैं कौन हूं। मैं वही हूं जिसका स्वभाव शांति है। निस्संदेह, ये संसार एक मुसाफिरखाना है। हमारे जीवन का लक्ष्य हो कि न दुख दो न दुख लो। ये आत्मा का ट्रीटमेंट है। शांति से संतुलित करुणामय समाज का निर्माण होगा। हमें नफरत की आग को बुझाना है। शांति का सपना सजाना है हमें। लेकिन आत्मा की शान है शांति की अनुभूति। आज वैश्विक आवश्यकता है शांति। युद्ध के बादल पूरी दुनिया में छाये हुए हैं। निस्संदेह, हमारे जीवन से दूसरों के जीवन में शांति आएगी। लेकिन आज हम अपने स्वधर्म को भूल गए हैं। उच्च आत्मा का स्वधर्म शांति है। जब हम स्वधर्म में स्थापित हो जाएंगे तो शांति आ जाएगी। जीवन में सुख-शांति अनुभव करेंगे। हमें अपने को शांति स्वरूप बनाना है। वर्तमान समय में दुनिया में कई जगह युद्ध चल रहे हैं। लेकिन समाज व परिवार में भी किसी प्रकार का कोई संघर्ष है वो समाप्त हो। मनुष्य के जीवन व परिवार में शांति हो। जीवन में प्रगति तभी संभव है जब वहां शांति हो। जब आपका मन शांत होता है, तो आपकी निर्णय क्षमता स्पष्ट हो जाती है। शांत मन में बुद्धि में रचनात्मकता और श्रेष्ठ संकल्प उत्पन्न होते हैं। शांत स्वभाव दूसरों पर भी प्रभाव डालता है। विश्व शांति के साथ-साथ हमारे मन में भी शांति होना आवश्यक है। हम सभी की सोच श्रेष्ठ हो। सकारात्मक सोच हो। हमारे हर कार्य में शांति का संदेश हो। ऐसा जीवन का लक्ष्य हो कि शांति व्यापक हो जाए।

शांति के लिए अपने अंदर झांकिए मैं कौन हूं। मैं क्यों इस दुनिया में आया हूं। मुझे क्या करना है। मुझे कहां जाना है। आपको भीतर से जवाब मिलेगा कि मैं एक आत्मा हूं। एक सूक्ष्म ज्योति हूं। हम जीवन में जो कार्य करते हैं वो हमारा अभिनय मात्र है। यह दुनिया हमारा कर्म क्षेत्र है। हमारा निवास पांच तत्वों से निर्मित शांति का धाम है। मन और बुद्धि से हम उसी धाम में पहुंच जाएं। तब असीम शांति मिलेगी, क्योंकि हमारी आत्मा शांति स्वरूप है। संसार में हर आत्म शांति का अनुभव करें। तब यह संसार सुख शांति से संपन्न हो जाएगा।

हम सबको सुख देने का प्रयास करें। कर्मक्षेत्र में सोच श्रेष्ठ है तो जीवन श्रेष्ठ होगा। जीवन में आनंद से रहें। श्रीकृष्ण की मुरली ने दुनिया में शांति का संदेश फैलाया। बंधुत्वता में शांति का संदेश निहित है । शांति वो नहीं जो शांति की स्मृति है। तूफान में भी शांति बनाये रखें। ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी हम शांति स्थापित कर सकें। अपने जीवन में शांति को अनुभव करते हुए दूसरों को शांति दें। हम व्यक्तिगत जीवन से शुरुआत करें। स्वार्थ, क्रोध, अविश्वास आदि अशांति का कारण बनता है। साधन सुविधा जुटाकर शांति जुटाने का प्रयास निरर्थक है। जैसे धन से किताब खरीद सकते हैं ज्ञान नहीं। धन से बिस्तर मगर नींद नहीं खरीदी जा सकती है। हम साधन तो खरीद सकते हैं। शांति नहीं खरीद सकते। लेकिन आज सब कुछ तो है तो शांति नहीं है। धर्म की शरण में हम शांति के लिए जाते हैं। आज धर्म का स्वरूप कट्टरता हो गया है। हम सबके भीतर आत्मा एक है। उसका धर्म शांति है। आत्मा आनन्द स्वरूप, सुख स्वरूप, प्रेम स्वरूप है। सभी धर्म शांति का संदेश देते हैं। वसुधैव कुटुंबकम? का संदेश दुनिया को एक सूत्र में बांधता है। अशांत दुनिया में आध्यात्मिक साधना से अनियंत्रित इच्छाएं रोकी जा सकती हैं। हम तनाव, चिंता भय से अशांत होते हैं। ज्ञान व योग से शांति मिलती है। शांत स्वरूप का अभ्यास करें। आत्मचिंतन से सकारात्मकता के विचार से हम मन को चैतन्य बनायें। जब हम मन से अशांत होते हैं तो परमात्मा को याद करते हैं। हम प्रत्येक दिन परमात्मा को याद करके अपने मन को शांति की स्थिति में ला सकते हैं। विपरीत स्थिति में हम शांति का अनुभव नहीं कर पाते। हम शांत की मनस्थिति में हैं तो समाज में योगदान दे सकते हैं। हम समाज में जो दे रहे हैं, उससे हम समाज की मानसिकता में परिवर्तन ला सकते हैं।

# बंगाल ने खुद को फिर से ढूंढ़ लिया



हरदीप सिंह पुरी
( केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री )

हावड़ा कभी एशिया का शेफील्ड कहलाता था। हुगली नदी के किनारे स्थित जूट मिलें इस उपमहाद्वीप के संगठित उद्योग का सबसे बड़ा केन्द्र हुआ करती थीं। कोलकाता भारत की वाणिज्यिक राजधानी हुआ करती थी। बिड़ला एवं टाटा घरानों के साथ-साथ आईटीसी, ब्रिटानिया, कोल इंडिया, हिंदुस्तान मोटर्स और गार्डन रीच शिपबिल्डर्स के मुख्यालय भी यहीं स्थित थे। बर्नपुर स्थित इस्को की स्थापना 1918 में हुई थी, जबकि दुर्गापुर इस्पात संयंत्र द्वितीय पंचवर्षीय योजना का हिस्सा था। वर्ष 1950-51 में, बंगाल ने देश के कुल मैन्यूफैक्चरिंग उत्पादन में लगभग 27 प्रतिशत हिस्से का योगदान किया था। मैं उस कलकत्ता को जानता था। विदेश सेवा में शामिल होने से पहले, मेरी शुरुआती नौकरियों में से एक इसी शहर में हिंदुस्तान लीवर में थी। कलकत्ता तब भी एक ऐसी जगह थी, जहां अपने संदूक के साथ आने वाला एक युवक इस बात के लिए आश्वस्त हो सकता था कि वह उस जगह पर आ गया है जहां से इस देश का वाणिज्य संचालित होता है। बत्तियां जलती रहीं। ट्रामें चलती रहीं। कंपनियों ने भर्तियां जारी रखीं। जिस चीज को बनाने में एक सदी लगी थी, उसे आर्थिक कुप्रबंधन से कहीं बढ़कर सोची-समझी साजिश के जरिए ध्वस्त कर दिया गया। वाम मोर्चा ने 1977 में सत्ता संभाली। यह मोर्चा चौंतीस वर्षों तक सत्ता पर काबिज रहा। श्रमिक वर्ग के हितों की नारेबाजी का आड़ में, एक संगठित समानांतर राज्य ने जड़ें जमा लीं। मकान बनाने से लेकर दुकान चलाने, भट्टी स्थापित करने, परिवहन मार्ग को पंजीकृत कराने और पंचायत की बैठक आयोजित करने तक के लिए इजाजत लेनी होती थी। ये इजाजतें एक चंदे की एवज में मिलती थीं। कार्यकर्ता ये चंदा इकट्ठा करते थे। सत्तारूढ़ पार्टी में उसे अपने खाते में जमा करती थी। पूंजीपतियों को राज्य से निकाल बाहर करने वाली ट्रेड यूनियनबाजी इसका प्रत्यक्ष पहलू थी। जबरन वसूली से त्रस्त आम नागरिकों के वहां से निकल जाने की परिघटना तो खैर कैमरों में कैद ही नहीं हुई। वर्ष 2000 के दशक में, जब वाम मोर्चा ने खुद अपना रुख बदलने और टाटा मोटर्स को सिंगूर लाने की कोशिश की, तो विपक्ष में बैठी तृणमूल कांग्रेस ने भूख हड़ताल शुरू कर दी। परिणामस्वरूप, यह परियोजना 2008 में गुजरात चली गई। माफिया ने अपना चोला बदल लिया; वह खत्म नहीं हुआ।

वर्ष 2011 में, तृणमूल कांग्रेस 'परिवर्तन' के वादे पर सत्ता में आई। इसके बाद जो कुछ हुआ, वह नए रूप में पुरानी ही व्यवस्था के लौट आने जैसा था। चंदा, अब एवजी-रकम बन गया। कार्यकर्ता सिंडिकेट बन गए। राष्ट्रीय स्तर पर मैन्यूफैक्चरिंग में बंगाल की 27 प्रतिशत की हिस्सेदारी घटकर 5 प्रतिशत से भी नीचे आ गई है। कभी राष्ट्रीय औसत का 127 प्रतिशत रहने वाली, प्रति व्यक्ति आय लुढ़कर 84 प्रतिशत पर आ गई है।

छह हजार से अधिक पंजीकृत कंपनियों ने अपने मुख्यालय कोलकाता से बाहर स्थानांतरित कर दिए हैं। कभी हावड़ा या साल्ट लेक में काम करने वाले बंगाल के बच्चे, अब बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में रहते हैं। अपनी नौकरी और अपने पैसों को राज्य से बाहर जाता देखने वाले, मतदाताओं को अपना हिसाब बराबर करना था और उनके हाथ में हिसाब बराबर करने का जरिया एक मतपत्र ही था। इस बदले के केन्द्र में महिलाओं से जुड़ा एक ऐसा रिकॉर्ड था, जिसका बचाव आजाद भारत के किसी भी सत्ताधारी को नहीं करना पड़ा। एक महिला मुख्यमंत्री के शासनकाल में राज्य की महिलाओं पर निर्मम अत्याचार हुए और उनकी हत्याएं हुईं। अगस्त 2024 में आरजी कर मेडिकल कॉलेज में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार हुआ और उसकी हत्या कर दी गई। रात भर घटनास्थल पर एक भीड़ द्वारा तोड़फोड़ की गई। कोलकाता पुलिस ने इस भीड़ को तितर-बितर करने की कोई कोशिश नहीं की। कलकत्ता उच्च न्यायालय ने इस निष्कर्ष के आधार पर जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपने का आदेश दिया कि कोलकाता पुलिस की जांच भरोसेमंद नहीं है। जूनियर डॉक्टरों की 42 दिनों की हड़ताल हुई। इस हड़ताल में कई महिला डॉक्टर शामिल रहीं। जनवरी 2024 में, संदेशखाली की घटना हुई। सुंदरबन के एक द्वीप की महिलाएं तृणमूल के एक जिला परिषद सदस्य के खिलाफ सड़कों पर उतर आईं। तृणमूल का वह नेता पचपन दिनों तक फरार रहा। जबकि, राज्य की पुलिस चुपचाप बैठी रही और उसके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया। कभी अपने आंदोलनों के दौरान 'परिवर्तन' की बात करने वाली, एक मुख्यमंत्री ने एक ऐसे शासन का नेतृत्व किया जिसमें उनके राज्य की महिलाओं को उनके ही कार्यकर्ताओं के खिलाफ अदालतों व केन्द्रीय एजेंसियों की शरण लेनी पड़ी और सड़कों पर उतरना पड़ा। यह बेहद निंदनीय है। और घोर अन्यायपूर्ण भी। बंगाल की महिलाओं को जो पीड़ा सहनी पड़ी, उसकी बराबरी केवल राज्य के युवाओं द्वारा उठाए गए नुकसान से ही की जा सकती है। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई पहली छापेमारी की रात सॉल्ट लेक के एक बंद फ्लैट से 21 करोड़ रुपये नकद बरामद किए गए। संबंधित संपत्तियों से हुई बरामदगी के बाद कुल राशि 50 करोड़ रुपये से अधिक की हो गई। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री पार्थ चटर्जी की गिरफ्तारी हुई। उन्होंने शिक्षा मंत्री के रूप में पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग की अध्यक्षता की थी। अप्रैल 2024 में, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने एक भर्ती के तहत 25 हजार सात सौ तिरपन शिक्षकों, ग्रुप-सी और ग्रुप-डी कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर दिया। इन नियुक्तियों को भर्ती प्रक्रिया के शुरुआती दौर से ही अवैध पाया गया था। इस फैसले को सर्वोच्च न्यायालय में ले जाया गया और देश की सर्वोच्च अदालत ने 2025 में इसे बरकरार रखा।

बंगाल के युवाओं को जीवन में एक मजबूत आधार प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू की गई स्कूली भर्ती की पूरी प्रक्रिया एक ऐसे अड्डे में तब्दील हो गई, जहां पदों को बेचा जा रहा था और वैध उम्मीदवार को भर्ती की कतार दिखाई ही नहीं दे रही थी। राशन घोटाला तो इस घोटाले से भी ऊपर था। इसमें एक और मौजूदा कैबिनेट मंत्री ज्योतिप्रिया मल्लिक फंस गईं। इसके ऊपर मवेशी घोटाला, रिश्वतखोरी का धंधा और सिंडिकेट का राज था। मतदाता इन सभी गठजोड़ों को समझ गया। माफिया द्वारा संचालित राज्य में रिश्वत देने से इनकार करने वाला नागरिक सबसे पहले पीड़ित होता है। इस रिकॉर्ड के सामने एक अलग ही तरह का रिकॉर्ड था। पिछले एक दशक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चार करोड़ इक्कीस लाख घरों का निर्माण पूरा हुआ। जल जीवन मिशन के तहत पंद्रह करोड़ नल-जल के कनेक्शन लगाए गए। जबकि, 2019 में यह आंकड़ा तीन करोड़ का था। आयुष्मान भारत योजना के तहत लगभग पचपन करोड़ लाभार्थियों को पांच लाख रुपये का वार्षिक कवरेज मिला। प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण ने बंगाल के हर कल्याणकारी कार्यक्रम में होने वाले भ्रष्टाचार को खत्म कर दिया। ये सभी काल्पनिक बातें नहीं हैं। बंगाल में भारतीय जनता पार्टी के हर कार्यकर्ता ने इन्हीं बातों को आधार बनाकर वोट मांगा। उस आधार के पीछे एक नेटवर्क खड़ा था। पार्टी के बूथ के स्तर के कार्यकर्ताओं, पन्ना प्रमुखों, और चुनावी चक्रों के दौरान धमकियों, डरा-धमकाने और शारीरिक हिंसा का सामना करने वाले कार्यकर्ताओं ने प्रतिकूल परिस्थितियों में मतदाताओं के पंजीकरण, परिवहन और मतदान कराने के उन गैर-आकर्षक कामों को पूरा किया जिन्हें अन्य पार्टियों ने छोड़ दिया था। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ धमकियां, केन्द्रीय बलों के लौट जाने के बाद होने वाले हाल से जुड़ी घोषणाएं और चुनाव के बाद की हिंसा के पिछले दौरों में गई जानें, ये सब कार्यकर्ताओं के लिए हवाई बातें नहीं थी। वे इन सब अनुभवों से गुजर चुके थे। माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह खुद बंगाल के विभिन्न जिलों में घूम-घूम कर देख रहे थे। कभी-कभी तो कुछ ही हफ्तों के भीतर पुराने कस्बे में दुबारा आते थे, क्योंकि वे जानते थे कि उनके कार्यकर्ता क्या कर रहे हैं। वे जो करने की कोशिश कर रहे थे, वह महज चुनावी उलटफेर भर नहीं था। यह एक गढ़ को ढहाने जैसा था। इस अभूतपूर्व जीत का सिरमौर बने चेहरे खुद अपनी कहानी बयान करते हैं। आर.जी. कर हत्याकांड के पीड़िता की मां श्रीमती रत्ना देबनाथ, जिन्हें भारतीय जनता पार्टी ने पानीहाटी से उम्मीदवार बनाया था, ने 15 साल से चले आ रहे तृणमूल के गढ़ को ध्वस्त करते हुए भारी बहुमत से जीत हासिल की।

श्रीमती रेखा पात्रा, जिन्होंने संदेशखाली में अपनी ही धरती पर राज्य द्वारा ठुकराए गए अधिकार की मांग रखी और उसी मांग को लेकर हिंगलगंज में चुनाव लड़ा। कुल 30 वर्षों तक वामपंथ और 15 वर्षों से तृणमूल के गढ़ रहे जिलों के मतदाताओं ने पहली बार कमल के निशान को चुना। रविवार, 4 मई 2026 को बंगाल ने हिसाब चुकता कर दिया। भारतीय जनता पार्टी ने 293 सीटों में से 206 सीटें जीतीं। दो अलग-अलग दलों के 49 वर्षों के माफिया शासन का अंत हो गया। यह केवल एक चुनावी जनादेश भर नहीं, बल्कि एक नैतिक जनादेश भी था। जनता के इस निर्णायक फैसले पर पहले से ही सवालिया निशान लगाए जा रहे हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत, 90 लाख अपात्र नाम हटा दिए गए। इन अपात्र नामों को 15 वर्षों से बनाए रखा गया था। अपात्र नामों को हटाने की कार्रवाई को हारने वाला पक्ष मतदाताओं का दमन बता रहा है। आंकड़े इस सवाल का जवाब देते हैं। जिन बीस निर्वाचन क्षेत्रों में संशोधन के दौरान सबसे अधिक नाम हटाए गए, उनमें से तृणूल कांग्रेस ने तेरह सीटें जीतीं। समसेरगंज, लालगोला, भगबानगोला, रघुनाथगंज और मेतियाबुरुज वैसे पांच निर्वाचन क्षेत्र हैं, जहां सबसे अधिक नाम हटाए गए।

इन सभी में 2021 और 2026 के दोनों चुनावों में तृणूल के विधायक चुने गए। जीत का अंतर पुनरीक्षण के दौरान हटाए गए मतदाताओं की संख्या से कम रहने वाले उनतालीस निर्वाचन क्षेत्रों में से, छब्बीस सीटें भारतीय जनता पार्टी, इक्कीस सीटें तृणूल कांग्रेस और दो सीटें कांग्रेस ने जीतीं। लक्षित बहिष्करण से जीतने और हारने वाले दलों के बीच लगभग बराबर का बंटवारा नहीं होता। राज्य के इतिहास में सबसे अधिक 92.93 प्रतिशत मतदान ने इस सवाल का निपटारा कर दिया कि मतदाता सूची विश्वसनीय थी या नहीं। मतदाताओं के फैसले पर विवाद पैदा करके, पराजित दल केवल उस दादागिरी की ही पुष्टि कर रहा है जिसे मतदाताओं ने नकार दिया है। यह जनादेश मतदाताओं द्वारा किए जाए चयन के पीछे की बुद्धिमत्ता को भी साबित करता है। बंगाल ने मतदान कर दिया है और वहां के लोगों ने अपना चुनाव कर लिया है।

मतदाताओं की चाहत को समझना बहुत मुश्किल नहीं है। शांति और सड़कों पर पसरी हिंसा से मुक्ति। समृद्धि और उनके शहरों में रोजगारों की वापसी। स्थिरता और एक ऐसा प्रशासन, जो जीने देने के एवज में उनसे कोई रकम न ले। उस राज्य में सांस्कृतिक और आर्थिक पुनर्जागरण, जिसने देश को पहला औद्योगिक क्षेत्र, उसकी वाणिज्यिक राजधानी और राष्ट्रीय प्रशासन के प्रारंभिक निर्माता दिए। जिस कलकत्ता में मैंने काम किया, उसे फिर से हासिल किया जा सकता है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत की दिशा में अपना योगदान फिर से देने के लिए बंगाल बिल्कुल तैयार है। पिछले दशक में लिए गए हर कल्याणकारी और अवसंरचना संबंधी निर्णय के पीछे एक ऐसा प्रधानमंत्री रहा है, जो नागरिक को सर्वोपरि मानता है। उस नागरिक के प्रति विश्वास बनाए रखने के फल को अब दर्ज किया जा चुका है।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति को मिला नया गौरव : मुख्यमंत्री साय

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जनप्रतिनिधियों एवं श्रद्धालुओं के साथ गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर से वर्चुअली जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई पूजा - अर्चना का अवलोकन कर उनका संबोधन सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दौरान सोमनाथ मंदिर के स्वर्णिम इतिहास, विदेशी आक्रांताओं द्वारा किए गए हमलों, मंदिर के पुनरनिर्माण यात्रा, वर्तमान सरकार द्वारा किये जा रहे आस्था के केंद्रों का संरक्षण एवं संवर्धन के संकल्प सहित विभिन्न विषयों पर अपनी बातें देशवासियों से साझा की।

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशवासियों को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पूर्व आज ही के दिन सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण का कार्य पूर्ण हुआ था और इसी ऐतिहासिक अवसर को देशभर में स्वाभिमान पर्व के रूप में मनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर पर अनेक बार बाहरी आक्रांताओं द्वारा हमले किए गए, लेकिन मंदिर की आस्था और परंपरा को समाप्त नहीं किया जा सका। साय ने कहा कि पहली बार आक्रमण के दौरान मंदिर के पुजारियों और श्रद्धालुओं ने मंदिर नहीं छोड़ा तथा अपने प्राणों का बलिदान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका त्याग आज भी इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। साय ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद तत्कालीन गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल ने सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि उस समय देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने तमाम विरोधों के बावजूद सोमनाथ मंदिर पहुंचकर पुनर्निर्मित मंदिर के लोकार्पण कार्यक्रम में भाग लिया था। साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं को नया गौरव मिला है।

# वन मंत्री कश्यप ने तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के 8,631 प्रतिभावान विद्यार्थियों को वितरित की 12.26 करोड़ की छात्रवृत्ति राशि

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ सरकार वनांचल एवं तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रभावी कार्य कर रही है। इसी क्रम में आज नवा रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में वन मंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित द्वारा संचालित 'छात्रवृत्ति योजना' अंतर्गत 8,631 प्रतिभावान विद्यार्थियों को ऑनलाइन माध्यम से ?12 करोड़ 26 लाख से अधिक की छात्रवृत्ति राशि वितरित की।

**वन मंत्री केदार कश्यप का बड़ा संदेश**

'वनाश्रित परिवारों के बच्चों के सपनों को साकार कर रही हैं छात्रवृत्ति योजनाएं '

वन मंत्री केदार कश्यप ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके दिशा-निर्देश में राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास और शिक्षा का लाभ पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वनांचल के बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने कहा कि राज्य शासन का उद्देश्य केवल लघु वनोपज संग्रहण तक सीमित नहीं है, बल्कि वनाश्रित परिवारों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण को सुनिश्चित करना भी है। छात्रवृत्ति योजनाएं तेंदूपत्ता संग्राहक परिवारों के बच्चों को आत्मविश्वास, अवसर और नई दिशा प्रदान कर रही हैं। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि जब तेंदूपत्ता संग्राहक परिवार का एक युवा भारतीय वन सेवा जैसी प्रतिष्ठित सेवा में चयनित होता है।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से मेधावी विद्यार्थियों ने लिया आईपीएल मैच का रोमांच



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और उनके सपनों को नई ऊर्जा देने की दिशा में लगातार नवाचारपूर्ण पहल कर रही है। इसी क्रम में आज राजधानी रायपुर में आयोजित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच का रोमांच प्रदेश के उन मेधावी विद्यार्थियों ने भी महसूस किया, जिन्होंने दसवीं और बारहवीं की प्रावीण्य सूची में स्थान बनाकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है।

राज्य शासन की विशेष पहल पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित 18 प्रतिभावान विद्यार्थी नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम पहुंचे, जहां उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस के बीच खेले जा रहे हाई-वोल्टेज मुकाबले का आनंद लिया ।मेधावी विद्यार्थियों के लिए यह अवसर केवल एक क्रिकेट मैच देखने तक सीमित नहीं था, बल्कि यह उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन का सम्मान और उनके आत्मविश्वास को नई उड़ान देने का प्रेरक प्रयास भी था।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का मानना है कि शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ऐसे अवसर प्रदान किए जाने चाहिए, जिससे वे अपने सपनों को और बड़े स्तर पर देखने के लिए प्रेरित हों। राज्य सरकार शिक्षा, खेल और युवा प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए लगातार संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

नवा रायपुर स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की भव्यता और आईपीएल मैच के रोमांचक माहौल ने विद्यार्थियों को बेहद उत्साहित कर दिया। अधिकांश विद्यार्थियों के लिए यह पहला अवसर था, जब वे किसी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में लाइव मैच देखने पहुंचे थे। स्टेडियम की आकर्षक रोशनी, हजारों दर्शकों का उत्साह, खिलाड़ियों की ऊर्जा और पूरे आयोजन का जीवंत वातावरण बच्चों के लिए किसी सपने से कम नहीं था। कई विद्यार्थी पहली बार इतने बड़े खेल आयोजन का हिस्सा बनकर अभिभूत नजर आए।

हायर सेकेंडरी परीक्षा की प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बलौदाबाजार-भाटापारा पलारी के छात्र जिज्ञासु वर्मा ने कहा कि उन्हें बचपन से क्रिकेट का विशेष शौक रहा है।

अब तक वे टीवी पर ही आईपीएल मैच देखा करते थे, लेकिन आज पहली बार इतने विशाल स्टेडियम में लाइव मैच देखने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे रोमांचक और अविस्मरणीय क्षण है। जिज्ञासु ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य शासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल ने उनके उत्साह और आत्मविश्वास को नई ऊर्जा दी है।

# सिंधी इंग्लिश हायर सेकेंडरी विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

रामसागरपारा स्थित सिंधी इंग्लिश हायर सेकेंडरी विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्राचार्य श्री दिलीप वर्मा, हेडमिस्ट्रेस श्रीमती अनिता रामनानी एवं कोऑर्डिनेटर श्री अंजनी कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं तथा उन्हें निरंतर मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। तीनों के विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

विद्यालय के सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने हेतु निरंतर मेहनत की, वहीं विद्यार्थियों ने भी कठिन परिश्रम एवं लगन से अध्ययन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

विद्यालय द्वारा विभिन्न कक्षाओं के टॉपर्स की सूची भी जारी की गई, जिसमें




विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की।

**प्रमुख टॉपर्स इस प्रकार रहे —**

कक्षा 5वीं प्रथम — हर्ष रहेजा — 93.50% द्वितीय — काव्या पाशिने — 92.50% तृतीय — क्षितिज मौर्य — 92.00% कक्षा 8वीं प्रथम — राध्या तिवारी — 91.00% द्वितीय — रोशनी कुमारी — 90.83% तृतीय — लेखा साहू — 89.67% कक्षा 10वीं प्रथम — कुलसूम फातिमा — 89.33% द्वितीय — तज्किया बानो — 87.5% तृतीय — सिमरन साहू — 85.83% कक्षा 12वीं (बायो मैथ्स) प्रथम — अर्णव खंडेलवाल — 84.4% द्वितीय — स्नेहा साहू — 82% तृतीय — एकता सिन्हा — 79.6% कक्षा 12वीं (कॉमर्स) प्रथम — दीपक वर्मा — 95.2% द्वितीय — डॉली चौहान — 83.2% तृतीय — दीक्षा यादव — 81.2% कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं अभिभावकों में अत्यंत उत्साह देखने को मिला। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ई-ऑफिस का विस्तार: प्रशासनिक कार्यसंस्कृति में डिजिटल क्रांति का आगाज

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



छत्तीसगढ़ में 'ई-ऑफिस' प्रणाली सरकारी कामकाज में पारदर्शिता, गति और जवाबदेही लाकर सुशासन का नया सवेरा लेकर आई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में, यह डिजिटल पहल भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस और सरकारी प्रक्रियाओं को सरल बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। फाइलों का डिजिटल होना फाइलों में हेराफेरी की गुंजाइश को लगभग खत्म कर देता है, जिससे शासन में पारदर्शिता आती है। कागजी फाइलों के भौतिक परिवहन में लगने वाला समय बचता है, जिससे फाइलें तेजी से आगे बढ़ती हैं और निर्णय जल्दी लिए जाते हैं। डिजिटल तकनीक आज केवल सूचनाओं के आदान-प्रदान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शासन की कार्यप्रणाली को नया आयाम दे रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया विजन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के सुशासन, पारदर्शिता एवं जवाबदेही के संकल्प को साकार करते हुए राज्य में ई-ऑफिस प्रणाली प्रशासनिक व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा बन चुकी है। छत्तीसगढ़ में अब शासकीय दफ्तरों की तस्वीर बदल रही है। वह दौर बीत रहा है जब कार्यालयों में धूल खाती फाइलों के ढेर और कछुआ गति से चलने वाली प्रक्रियाएं सामान्य मानी जाती थीं। अब डिजिटल फाइलों के माध्यम से कार्यों में न केवल तेजी आई है, बल्कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता भी सुनिश्चित हुई है।

**सक्ती जिला रहा अव्वल**

ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन से राज्य ने डिजिटल गवर्नेंस में नए मानक स्थापित किए हैं। व्यापक नेटवर्क के तहत प्रदेश के 87 हजार 222 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं। अब तक 5 लाख 46 हजार 903 से अधिक फाइलों का सफल डिजिटल संचालन किया गया है। 30 अप्रैल 2026 की स्थिति में प्रदेश का 33 वां जिला सक्ती 15 हजार 735 फाइलों के डिजिटल संचालन के साथ राज्य में अग्रणी रहा है।

**ई-ऑफिस के प्रमुख लाभ**

ऑनलाइन फाइल ट्रैकिंग की सुविधा से अब यह जानना आसान है कि कौन सी फाइल किस अधिकारी के पास कितने समय से लंबित है। इससे कार्य के प्रति जवाबदेही बढ़ी है। कुशल निर्णय प्रक्रिया सचिवालय से लेकर जिला स्तर तक फाइलों की आवाजाही त्वरित होने से निर्णय लेने की प्रक्रिया व्यवस्थित और समयबद्ध हुई है। कागज के उपयोग में भारी कमी आने से यह प्रणाली पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा योगदान दे रही है। डिजिटल संधारण के कारण दस्तावेजों के फटने, खोने या खराब होने का डर खत्म हो गया है ।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2535780, 90, फैक्स: 0771-2227395, ई-मेल :- dc_rmc@rediffmail.com

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 63/का.आ./ फि.प्लांट/न.नि./26 रायपुर, दिनांक 11/05/2026

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा नगर निगम एवं अन्य शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय विभागों में कार्य के अनुभवीएवं सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से निर्धारित प्रपत्र में निर्धारित समयावधि में सील बंद निविदाए आमंत्रित की जाती है। सभी सील बंद निविदाएं स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से कार्यपालन अभियंता, फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम रायपुर को प्रेषित की जावेगी। निविदा खोलने के समय ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। विवरण निम्नानुसार है-

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय - 15/05/2026 सांयकाल 5.00 बजे राक
2. परीक्षण उपरांत योग्य निविदाकारों को निविदा जारी करने की अंतिम तिथि - 19/05/2026 सांयकाल 2.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 20/05/2026 सांयकाल 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 26/05/2026 सांयकाल 4.00 बजे तक

| क्र. | विवरण | प्राक्कलन राशि | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि | प्रपत्र का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भाठागांव चौक रिंग रोड से काठाडीह मोड मार्ग तक रों वाटर पाईप लाईन के विभिन्न वाल्वों का नवीन चेम्बर का निर्माण कार्य। (As per PHE SOR 01-06-2020 & Amendment 07/2022-23) | 9,35,770.00 | 9,500.00 | 750.00 | 03 माह | "A" |

निविदा की शर्त :-

1. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन तिथि / समय में फिल्टर प्लॉट नगर पालिक निगम, रायपुर रावणभाठा से प्राप्त की जा सकती है।
2. अमानती राशि (FIDR) आयुक्त महोदय, नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।
3. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त, न.पा.नि. रायपुर को होगा।
4. निविदाकारो को लिफाफा 'अ' में अमानती राशि का FDR, निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं Pan Card/GST Certificate/Registration Certificate/Authorization Certificate/w year IT return इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करना होगा तथा लिफाफा 'ब' में निविदा दर, डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र में अंको एवं शब्दों में स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना चाहिए। निविदा दर में कांट-छांट नहीं होना चाहिए। दोनो लिफाफा को एक अलग से बड़े लिफाफा में भरकर सीलबंद कर जमा करना होगा।
5. निविदाकारो को लिफाफा 'अ' में आमानती राशि का FDR, निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं Pan Card/GST Certificate/Registration Certificate/Authorization Certificate/w year IT return इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि सही पाये जाने के उपरांत ही लिफाफा 'ब' खोला जावेगा।
6. इसके अलावा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट http://nagarnigamraipur.nic.in से भी डाउनलोड कर निविदा डाल सकते है। डाउनलोड करने में निविदा प्रपत्र की राशि निविदा के साथ डी.डी. के रूप में जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र कार्यपालन अभियंता, फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम रायपुर रावणभाठा को प्रेषित करना होगा।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

कार्यपालन अभियंता
फिल्टर प्लांट
नगर पालिक निगम, रायपुर

# सीएम साय ने किया मुंगेली के चौक-चौराहों में स्थापित प्रतिमाओं का अनावरण

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)



शासकीय योजनाओं का लाभ लोगो को प्राप्त हो, यह सुनिश्चित करने के साथ ही सुशासन को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से सुशासन तिहर अंतर्गत समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय आज मुंगेली जिले के प्रवास पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने मुंगेली नगर के चौक-चौराहों में महापुरुषों एवं संतों की प्रतिमाओं का अनावरण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। प्रतिमाओं के अनावरण कार्यक्रम के दौरान नगर में उत्साह, श्रद्धा और गौरव का वातावरण रहा। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव, विधायक श्री पुन्नू लाल मोहले, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कलेक्टोरेट कार्यालय के पास भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण कर संविधान निर्माता को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने भारतीय संविधान के माध्यम से देश को समानता, न्याय और अधिकारों की मजबूत आधारशिला प्रदान की। उनका जीवन शिक्षा, संघर्ष और सामाजिक परिवर्तन की प्रेरणादायी मिसाल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री श्री साय ने दाऊपारा स्थित गुरु घासीदास बाबा की प्रतिमा का विधिवत अनावरण करते हुए कहा कि बाबा गुरुघासीदास ने दी। उनके विचार आज भी समाज उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संतों और महापुरुषों की विरासत को संरक्षित करने तथा नई पीढ़ी तक उनके आदर्शों को पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# प्रगतिरत विकास कार्यो को समय पर पूर्ण करें, अप्रारंभ कार्यो को शीघ्र प्रारंभ करायें - उद्योग मंत्री

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

प्रदेश के वाणिज्य उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, आबकारी व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने कल नगर निगम कोरबा के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा है कि निगम क्षेत्र के वार्डो में प्रगतिरत विकास कार्यो को समयसीमा के अंदर पूरा करायें तथा जो कार्य अभी तक प्रारंभ नहीं किये गये हैं, उन्हें शीघ्र प्रारंभ कराये ।उन्होने कहा कि निर्माण कार्यो को प्रारंभ करने में देरी व कार्य प्रारंभ कर बीच में कार्य रोकने वाली निर्माण एजेंसियों के विरूद्ध कार्यवाही करें, नोटिस दें तथा यदि फिर भी कार्य प्रारंभ नहीं किया जाता तो अमानत राशि राजसात करते हुये ऐसे निर्माण एजेंसियों को ब्लेक लिस्ट किये जाने की कार्यवाही भी करें। उन्होने यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें कि किया



जा रहा विकास कार्य पूर्ण गुणवत्तायुक्त है, साथ ही गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का कम्प्रोमाईज न हो, यह भी सुनिश्चित करें। उक्ताशय के निर्देश उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने विकास कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिये। मंत्री देवांगन ने नगर पालिक निगम कोरबा के दर्री जोन व सर्वमंगला नगर जोन के अधिकारियों व वार्ड पार्षदों की बैठक लेकर इन दोनों जोन के 20 वार्डो के विकास कार्यो की वार्डवार समीक्षा की। बैंठक के दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, वरिष्ठ पार्षद नरेन्द्र देवांगन भी उपस्थित थे।

प्रतिदिन राजधानी

रायपुर, मंगलवार, 12 मई 2026

https://epaper.pratidinrajdhani.in

# आयुक्त ने किया जोन-1 का निरीक्षण



**भिलाई नगर, प्रतिदिन राजधानी**

नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन-1 अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का धरातलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की गुणवत्ता की समीक्षा की और मानसून पूर्व तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

आयुक्त ने नेहरू नगर स्थित भेलवा तालाब का निरीक्षण करते हुए वहाँ की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि तालाब के आसपास नियमित सफाई की जाए। तालाब परिसर में नागरिक सुविधाओं के विस्तार पर भी चर्चा की गई। खेल उपकरण एवं एवं अन्य आवश्यक संधारण हेतु निर्देश दिया गया है ।

संजय नगर नाला सफाई एवं रिटर्निंग वॉल निर्माण आगामी मानसून को देखते हुए आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि जल भराव की स्थिति से बचने के लिए नाले की गाद निकालने का कार्य युद्धस्तर पर पूरा किया जाए। रिटर्निंग वॉल निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो। निर्माण कार्य की समय सीमा तय की जाए ताकि वर्षा ऋतु से पहले नाले का प्रवाह सुगम हो सके। वार्ड क्रमांक 01 में उपचुनाव को दृष्टिगत करते हुए आदर्श आचार संहिता का बारीकी से अवलोकन किया गया । भ्रमण के दौरान आयुक्त ने संपत्ति विरूपण के अंतर्गत सार्वजनिक दीवारों और सरकारी संपत्तियों पर अवैध रूप से लगाए गए पोस्टर, बैनर और वॉल पेंटिंग को तत्काल हटाने के निर्देश दिए । उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड 1 के सीमा अंतर्गत कोई भी नया निर्माण कार्य प्रारंभ न करने कहा है । लोक निर्माण विभाग द्वारा पूर्व से प्रारंभ रोड निर्माण एवं नाली निर्माण के कार्यों का अवलोकन किया गया।

शहर की स्वच्छता और व्यवस्थित विकास हमारी प्राथमिकता है। मानसून से पहले सभी नालों की सफाई और रिटर्निंग वॉल का कार्य पूर्ण करना अनिवार्य है। साथ ही वार्ड 1 आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए संपत्ति विरूपण की कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

इस दौरान जोन आयुक्त ऐशा लहरे, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, स्वच्छता निरीक्षक मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## केयर टेकर ने मालिक के मोबाइल से 1.67 लाख अपने खाते में ट्रांसफर किया, गिरफ्तार

**दुर्ग।** घर में केयर टेकर का कार्य करने वाले युवक ने मालिक के मोबाइल से 1.67 लाख ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर अपने खाते में ट्रांसफर कर दिया। मामले में भिलाईनगर पुलिस ने केयर टेकर को गिरफ्तार कर लिया है। ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि 8 मई को प्रार्थिया डॉ. पूर्णिमा राज कछवाहा निवासी तालपुरी ए-ब्लॉक ने थाना भिलाई नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनके यहां केयर टेकर का कार्य करने वाला तीरथ चौधरी उर्फ अन्नू ने उनके पति के मोबाइल का उपयोग करते हुए बिना जानकारी दिए यूपीआई माध्यम से अलग-अलग ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कर कुल 1,67,000 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया गया है। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर थाना भिलाई नगर में धारा 316(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना विवरण के आधार पर आरोपी को चिन्हित किया।

# महाराणा प्रताप जयंती पर निकली शोभायात्रा, हजारों शामिल

**भिलाई नगर, प्रतिदिन राजधानी**

महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर क्षत्रिय कल्याण सभा सेक्टर-7 भिलाई द्वारा शनिवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा की शुरुआत महाराणा प्रताप भवन सेक्टर-7 स्थित महाराणा प्रताप चौक से हुई। जहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसके बाद निकली शोभायात्रा टाउनशिप के विभिन्न मार्गों से होते हुए सेंट्रल एवेन्यू होकर पुनः महाराणा प्रताप भवन पहुंची। यात्रा में भिलाई-दुर्ग के क्षत्रिय समाज के साथ सर्व सनातनी समाज के लोग भी बड़ी संख्या में अपने परिवार सहित शामिल हुए। पूरे मार्ग में जयकारों, भगवा ध्वजों और पारंपरिक उत्साह का माहौल देखने को मिला।

विशाल शोभायात्रा के समापन के बाद समाज की ओर से स्वरुचि भोजन की व्यवस्था भी की गई।



क्षत्रिय कल्याण सभा भिलाई के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने बताया कि इस वर्ष महाराणा प्रताप जयंती पर भिलाई-दुर्ग के समस्त क्षत्रिय परिवारों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई, जिससे आयोजन को भव्य स्वरूप मिला।

कार्यक्रम में सभा दया सिंह, राजेश सिंह, सुनील सिंह, संजय सिंह राठौड़, विजय सिंह, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, मानवेंद्र सिंह, नागेंद्र सिंह, अरविंद सिंह, संजय सिंह, अशोक सिंह, रामनारायण सिंह, करुणा सिंह परिहार, अनुज कुमार सिंह, प्रदीप सिंह, हर्षवर्धन सिंह, अतेंद्र सिंह और राजेश सिंह शामिल रहे।

महिला विंग की अध्यक्ष सुषमा सिंह एवं युवा विंग अध्यक्ष बबलू सिंह राजपूत की भूमिका भी सराहनीय रही। वहीं सर्व सनातनी समाज की ओर से पिंटू ओझा, दिलीप केसरवानी एवं तालपुरी निवासी संजय सिंह द्वारा सिविक सेंटर चौक पर शोभायात्रा में शामिल लोगों के लिए शीतल जल एवं कोल्ड ड्रिंक्स की व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर बद्री विशाल सिंह, सुधीर सिंह, उमेश सिंह, रामनरेश सिंह गौतम, रिजु सिंह, शशि प्रभा सिंह, अनिल सिंह, माला सिंह, ममता सिंह, कल्पना सिंह, बंटी सिंह राजपूत, संगीता सिंह, मनीष सिंह, सुषमा सिंह, माया सिंह, कंचन सिंह और मनुराधा सिंह राजपूत सहित समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# नगरीय निकाय उपचुनाव आचार संहिता लागू

**दुर्ग, प्रतिदिन राजधानी**

नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन 2026 के लिए आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। 11 मई से 4 जून तक इसके लिए निर्वाचन प्रक्रिया चलेगी। उक्त चुनाव के लिए 1 जून को मतदान होगा एवं 4 जून को परिणाम घोषित की जाएगी। जिले के जिन क्षेत्रों के लिए निर्वाचन होना है भौतिक रूप से उन क्षेत्रों में शिविर ना लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले में नगरीय निकाय एवं पंचायत के रिक्त 23 पदों के लिए उप निर्वाचन होना है। इनमें उप निर्वाचन नगर निगम भिलाई एवं रिसाली तथा जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा, पाटन के जिन क्षेत्रों के लिए निर्वाचन होना है भौतिक रूप से उन क्षेत्रों के अंदर शिविर ना लगाया जाए। यह आदेश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा यह भी आदेशित किया गया है कि यदि शिविर स्थल निर्वाचन अधीन क्षेत्र अंतर्गत निर्धारित है तो उसके परिवर्तन का प्रस्ताव तत्काल भेजने निर्वाचन अधीन क्षेत्र के निवासियों कार्य स्वीकृत या प्रारंभ न किया पदों 2 एवं 8, नंदवाय वार्ड 4, करेली वार्ड5, सुरपा वार्ड 1, तुलसी वार्ड 1, मानिक चौरी वार्ड 10, कसही वार्ड 1, गोड़पेंड्री वार्ड 11, भनसुली वार्ड 13 व 17 तथा गातापार के वार्ड 11 में पंच पद के लिए उप निर्वाचन होगा।

# उद्योगपति केतन शाह-पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**भिलाई नगर, प्रतिदिन राजधानी**

जुनवानी स्थित एक भूमि प्रकरण में लंबे समय से चल रहे विवाद के बाद, न्यायालय के हस्तक्षेप पर सुपेला पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने उद्योगपति और सिम्प्लेक्स कास्टिंग्स लिमिटेड के मालिक केतन शाह एवं उनकी पत्नी संगीता केतन शाह के विरुद्ध जालसाजी और धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध किया है। शिकायतकर्ता सुनील कुमार सोमन के अनुसार, यह मामला जुनवानी स्थित भूमि के सौदे से जुड़ा है।

आरोप हैं कि तथ्यों को छुपाना: भूमि विवादित होने और न्यायालय में प्रकरण लंबित होने के बावजूद आरोपियों ने तथ्यों को छुपाकर भूमि का विधिवत एग्रीमेंट किया।

भुगतान के बाद भी रजिस्ट्री से इंकार: एग्रीमेंट के अनुसार भुगतान प्राप्त कर लिया गया, लेकिन बार-बार निवेदन करने के बावजूद रजिस्ट्री करने में टालमटोल की जाती रही। दोहरी आर्थिक गतिविधि: आरोप है कि इसी संपत्ति के आधार पर वित्तीय संस्था से ऋण लेकर शिकायतकर्ता को लगभग 4.60 करोड़ रुपये की गंभीर आर्थिक क्षति पहुंचाई गई। अंततः न्यायालय ने सुपेला थाना को अपराध दर्ज करने के निर्देश दिए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 416, 420, 467, 468, 471 और 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

रिपोर्ट के अनुसार, यह इस तरह का पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी पुलगांव थाना क्षेत्र में विशाल केजरीवाल द्वारा 2025 में इसी तरह के जालसाजी के आरोप में मामला दर्ज कराया गया था।

सूत्रों के अनुसार, संगीता केतन शाह पूर्व के पुलगांव मामले में अग्रिम जमानत पर हैं। जमानत की एक मुख्य शर्त यह थी कि वे इस प्रकार की किसी भी विवादित गतिविधि में दोबारा संलिप्त नहीं होंगी।

# देर रात डीजे बजाना पड़ा भारी मैरिज पैलेस पर कार्रवाई

**भिलाई नगर, प्रतिदिन राजधानी**

देर रात तक तेज आवाज में डीजे और लाउडस्पीकर बजाना मां लक्ष्मी मैरिज पैलेस संचालकों को महंगा पड़ गया। पुरानी भिलाई पुलिस ने जयंती नगर स्थित मां लक्ष्मी मैरिज पैलेस में निर्धारित समय के बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र संचालित किए जाने पर वैधानिक कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार, मैरिज पैलेस में देर रात तक तेज आवाज में डीजे और साउंड सिस्टम चलाए जाने की शिकायत लगातार मिल रही थी। आसपास के रहवासियों ने शोर-शराबे से हो रही परेशानी और आयोजन के दौरान अव्यवस्थित पार्किंग के कारण यातायात बाधित होने की शिकायत भी दर्ज कराई थी।

शिकायत के आधार पर पुरानी भिलाई थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। जांच में पाया गया कि विवाह समारोह के दौरान रात्रि 10 बजे के बाद भी तेज ध्वनि में डीजे एवं लाउडस्पीकर संचालित किए जा रहे थे। साथ ही आवश्यक अनुमति संबंधी नियमों का भी उल्लंघन सामने आया। मामले में पुलिस ने धारा 152 बीएनएसएस के तहत इस्तगासा तैयार कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया है। पुलिस ने कहा कि सार्वजनिक शांति भंग करने और ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।




# विधायक ने 9 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन-लोकार्पण

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष और कोण्डागांव विधायक लता उसेण्डी ने शनिवार को ग्राम चिलपुटी में क्षेत्रवासियों को 09 करोड़ रूपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। साथ ही चिलपुटी में सम्मान समारोह में चिलपुटी के 12 मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



भूमिपूजन में प्रमुख रूप से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 अंतर्गत ग्राम चिपावण्ड से ग्राम फुकागिरोला रोड आरडी 3.40 कि.मी. से मरवाबेड़ा मार्ग लंबाई 5.20 किलोमीटर लागत 524 लाख रूपए और पलारी माकड़ी रोड आर.डी. 5 कि.मी. से देवडोबरा तक लंबाई 2.10 किलोमीटर लागत 210 लाख रूपए का सड़क निर्माण कार्य सहित कुल 09 करोड़ 83 लाख रूपए की लागत के 32 विकास कार्य शामिल है। इसके अलावा विधायक ने ग्राम पंचायत चिलपुटी में चैतु घर से मानसिंग घर तक 500 मीटर ग्राम गौरव पथ लागत 42.31 लाख रूपए का लोकार्पण भी किया।

विधायक ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही स्वास्थ्य एवं डिजिटल सेवाओं की पहुंच भी आम नागरिकों तक सुलभ हो सकेगी। शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास एवं मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर दीपेश अरोरा, जितेन्द्र सुराना, जनपद सदस्य लालमति देवांगन चन्दन साहू, मिनु कोर्राम, धन्जु मरकाम, अशोक शार्दुल, महेन्द्र पाण्डे, रामलाल सलाम, दिलीप दीवान, जगन्नाथ मानिकपुरी, तुजलु पटेल, पुनिदास मानिकपुरी, आसमन नेताम, हरि देवांगन, मोहन राम नेताम, रिषभ देवांगन, भुनेश्वरी सोरी, लम्पी भोयर, मैनि मरकाम, लखन नेताम विभिन्न गांव के सरपंच सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# सुशासन तिहार में पंचायतों में 'चावल महोत्सव', 'रोजगार दिवस' और 'आवास दिवस'

## जनसमस्याओं के शत-प्रतिशत निराकरण पर जोर

**कोण्डागांव, प्रतिदिन राजधानी**

राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले की ग्राम पंचायतों में 7 मई को 'सुशासन तिहार' अंतर्गत वृहद जन-अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'चावल महोत्सव' के साथ-साथ 'रोजगार दिवस' एवं 'आवास दिवस' का आयोजन कर ग्रामीण विकास योजनाओं को गति देने तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करना, ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा आवास एवं रोजगार से जुड़े लंबित प्रकरणों का ग्राम पंचायत, विकासखंड एवं जिला स्तर पर शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करना रहा।



**आवास दिवसः हर परिवार का आवास सपना होगा साकार**

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण एवं अन्य आवासीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विशेष कार्ययोजना तैयार की गई। इसके अंतर्गत समय-सीमा में आवास निर्माण पूर्ण कराने, आजीविका गतिविधियों के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने तथा रेन वाटर हार्वेस्टिंग के जरिए पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया।

रोजगार दिवस के दौरान महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत संचालित कार्यों की समीक्षा की गई। प्रगतिरत कार्यों को 15 जून तक पूर्ण करने के लक्ष्य के साथ ग्रामीणों की मांग के अनुरूप नए कार्यों की स्वीकृति पर चर्चा की गई। इसके साथ ही जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार करने हेतु प्रेरित किया गया। मोर गांव - मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण गतिविधियों को जनभागीदारी से जोड़ने पर भी जोर दिया गया।

आजीविका डबरी निर्माण के माध्यम से बहुआयामी आजीविका योजनाओं को बढ़ावा देने की दिशा में कार्ययोजना तैयार की गई, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय के स्रोतों में वृद्धि हो सके। साथ ही, स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिला सदस्यों को सम्मान और पहचान दिलाने के उद्देश्य से नागरिक सूचना पटल पर उनके नाम प्रमुखता से अंकित करने की जानकारी दी गई। पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए मनरेगा एवं पीएम आवास योजना के कार्यों की जानकारी क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराने की पहल भी की गई। अमृत सरोवरों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर लगाए गए क्यूआर कोड को स्कैन से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने तथा विकास कार्यों में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है।

## गर्म पानी से झुलसा मासूम, जवानों ने पहुंचाया अस्पताल

**जगदलपुर,, प्रतिदिन राजधानी**

बस्तर जिले के परपा थाना क्षेत्र के ग्राम हाटपदमुर में एक सवा साल का बच्चा खेलने के दौरान गर्म पानी को अपने ऊपर गिरा लिया। इस घटना में बच्चा झुलस गया। परिजनों ने मदद की गुहार लगाई। जहाँ नानगुर थाने में पदस्थ जवानों ने बच्चे को मेकाज में भर्ती कराए।

मामले की जानकारी देते हुए बताया जा रहा है कि ग्राम हातपदमुर नानगुर क्षेत्र में रहने वाले राजमन बघेल का बच्चा छोटू बघेल (उम्र एक वर्ष दो माह) घर के आंगन में खेल रहा था। उसी आँगन में बच्चे की मां खाना बना रही थी। आंगन में खेलने के दौरान छोटू ने गरम पानी को हाथों से खींच लिया। जिससे गर्म पानी बच्चे के पैर लगा। मामले की जानकारी देते हुए बताया जा रहा है कि ग्राम हातपदमुर नानगुर क्षेत्र में रहने वाले राजमन बघेल का बच्चा छोटू बघेल (उम्र एक वर्ष दो माह) घर के आंगन में खेल रहा था। उसी आँगन में बच्चे की मां खाना बना रही थी। आंगन में खेलने के दौरान छोटू ने गरम पानी को हाथों से खींच लिया। जिससे गर्म पानी बच्चे के पैर तथा कूल्हे भाग में गिर जाने से फफोले पड़ गया और चमड़ी निकलने लगा। बच्चे की आवाज को सुनकर उसकी माँ ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। परिजनों ने मदद की गुहार लगाई। जहाँ नानगुर थाना के जवानों ने बिना देर किए बच्चे को बेहतर उपचार के लिए पहले पास के स्वास्थ्य केंद्र ले गए।

# नेशनल लोक अदालत में 43 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण

**कोंडागांव, प्रतिदिन राजधानी**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर शनिवार को जिला न्यायालय परिसर कोंडागांव में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रमेश सिन्हा ने वर्चुअल माध्यम से किया। इसके बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव के अध्यक्ष खिलावन राम रिगरी ने दीप प्रज्ज्वलित कर लोक अदालत की शुरुआत की।



लोक अदालत के लिए जिला न्यायालय कोंडागांव में तीन, तालुका विधिक सेवा समिति केशकाल में एक, तालुका विधिक सेवा समिति नारायणपुर में दो तथा राजस्व प्रकरणों के लिए कोंडागांव और नारायणपुर में एक-एक खंडपीठ का गठन किया गया। इस प्रकार कुल आठ खंडपीठों में मामलों की सुनवाई हुई। लोक अदालत में राजीनामा योग्य मामलों, समरी प्रकरणों तथा प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया। नगरपालिका, विद्युत विभाग, दूरसंचार विभाग, बीमा कंपनियों और बैंकों से जुड़े मामलों का भी निपटारा किया गया।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार, आपराधिक मामलों के चार, चेक बाउंस के पांच, बैंक रिकवरी के 1237, ऋण वसूली के 251, मोटर दुर्घटना दावा के 18, ट्रैफिक चालान के 1615 और राजस्व से जुड़े 37,331 मामलों का निराकरण किया गया। इसके अलावा बिजली बिल के 1953, नगरपालिका के 853, दूरसंचार के 100, पारिवारिक विवाद के दो, मध्यस्थता के सात, सिविल का एक तथा अन्य श्रेणी के 30 मामलों का भी निपटारा हुआ। मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों में 2 करोड़ 5 लाख 15 हजार रुपये, मध्यस्थता मामलों में 32 लाख 19 हजार 641 रुपये, चेक बाउंस मामलों में 7 लाख 33 हजार 348 रुपये तथा अन्य विभिन्न मामलों में राशि संबंधी अवार्ड पारित किए गए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुसार, सभी न्यायालयों और राजस्व न्यायालयों के माध्यम से कुल 43,407 प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा कुल 2 करोड़ 57 लाख 23 हजार 206 रुपये का अवार्ड पारित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला चिकित्सालय कोंडागांव की टीम ने स्वास्थ्य शिविर भी लगाया, जहां पक्षकारों की बीपी और शुगर जांच कर दवाइयां वितरित की गईं।

## जनगणना कार्यों का निरीक्षण, अफसरों ने किया गणना ब्लॉकों का भ्रमण



**कोंडागांव, प्रतिदिन राजधानी**

जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में संचालित जनगणना कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनगणना निदेशालय की ओर से नोडल अधिकारी संतोष मेढ़े, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी देवेंद्र शोरी तथा सभी चार्ज अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न गणना ब्लॉकों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने फील्ड में कार्यरत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों से चर्चा कर जनगणना कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। नोडल अधिकारी श्री मेढ़े ने जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, समयबद्ध एवं त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण करने हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही फील्ड में कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं का मौके पर ही निराकरण किया गया।

उन्होंने कहा कि जनगणना एक अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके माध्यम से विकास योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन के लिए आवश्यक आंकड़े प्राप्त होते हैं।

खेल समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशित हेतु संपर्क करे : 9806044444
प्रतिदिन राजधानी
रायपुर, मंगलवार, 12 मई 2026
https://epaper.pratidinrajdhani.in

# कोहली लगातार दूसरे मैच में शून्य पर आउट : तिलक ने क्रुणाल का रिले कैच पकड़ा, खुद स्कूप शॉट खेलने के कोशिश में आउट हुए





**रायपुर।** बेंगलुरु ने दूसरे मैच में मुंबई को 2 विकेट से हरा दिया। इस मुकाबले में विराट कोहली लगातार दूसरे मैच में बिना खाता खोले आउट हुए। जबकि तिलक वर्मा ने बाउंड्री लाइन पर क्रुणाल पंड्या का शानदार रिले कैच पकड़ा। वे खुद फिफ्टी के बाद स्कूप खेलने की कोशिश में विकेट गंवा बैठे।

### भुवनेश्वर ने तीसरे ओवर में लगातार दो विकेट लिए

मुंबई के तीसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट लिए। पांचवीं बॉल पर उन्होंने नकल बॉल पर रोहित शर्मा को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। अगली गेंद पर सूर्यकुमार यादव को स्लिप में खड़े विराट कोहली ने लो कैच पकड़कर पवेलियन भेज दिया।

### तिलक का कैच छूटा, मुंबई के टॉप स्कोरर रहे

छठे ओवर में तिलक वर्मा को जीवनदान मिला। रसिख सलाम की स्लोअर गेंद पर तिलक का टॉप एज मिडविकेट की ओर गया, लेकिन सुयश शर्मा आसान कैच नहीं पकड़ सके। गेंद उनके हाथों से निकल गई। तिलक उस समय 11 रन पर खेल रहे थे। बाद में उन्होंने 57 रन की पारी खेली और मुंबई के टॉप स्कोरर रहे।

### स्कूप शॉट खेलने की कोशिश में तिलक आउट

18वें ओवर की आखिरी बॉल पर भुवनेश्वर कुमार ने तिलक वर्मा को बोल्ड किया। तिलक स्कूप शॉट खेलने के लिए ऑफ स्टंप के बाहर गए, लेकिन गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर सीधे लेग स्टंप से टकराई। तिलक ने 42 गेंदों में 57 रन बनाए। दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया।

### कोहली लगातार दूसरे मैच में शून्य पर आउट

167 रन चेज कर रही बेंगलुरु ने चौके से शुरुआत की। बेथेल ने दीपक चाहर की पहली दो गेंदों पर चौके लगाए। फिर चाहर ने चौथी बॉल पर विराट कोहली को राज बावा के हाथों कैच कराया। विराट खाता नहीं खोल सके। वे लगातार दूसरे मैच में शून्य पर आउट हुए। आईपीएल में यह उनका 8वां जीरो था।

### क्रुणाल को जीवनदान, कैच ड्रॉप हुआ

18वें ओवर की दूसरी बॉल पर क्रुणाल पंड्या को जीवनदान मिला। मुंबई ने मिडविकेट बाउंड्री पर आसान कैच छोड़ दिया। क्रुणाल ने स्लॉग स्वीप खेला। गेंद टॉप एज लेकर हवा में चली गई। नमन धीर और तिलक वर्मा कैच के लिए दौड़े। नमन ने कैच पकड़ा, लेकिन उनका संतुलन बिगड़ गया। उन्होंने गेंद तिलक की ओर उछाल दी, लेकिन तिलक उसे पकड़ नहीं सके।

### तिलक ने क्रुणाल का रिले कैच पकड़ा

क्रुणाल पंड्या का बाउंड्री लाइन पर तिलक वर्मा ने शानदार रिले कैच पकड़ा। लॉन्ग-ऑन पर दौड़ते हुए तिलक ने पहले कैच पकड़ा, फिर संतुलन बिगड़ता देख गेंद हवा में उछाली और बाउंड्री के बाहर जाने से पहले वापस आकर कैच पूरा किया। क्रुणाल 73 रन की पारी खेलकर आउट हुए।



## इस सीजन हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा, प्लेऑफ की रेस से बाहर होने पर बोले महेला जयवर्धने

**रायपुर।** आईपीएल 2026 के 54वें मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ मिली हार के साथ ही मुंबई इंडियंस (एमआई) के लिए प्लेऑफ में पहुंचने के सभी दरवाजे बंद हो गए हैं। एमआई के हेड कोच महेला जयवर्धने ने माना कि इस सीजन टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और खिलाड़ी हाथ आए मौकों को भुनाने में नाकाम रहे। जयवर्धने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में टीम के प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा, 'हां, यह सीजन हमारे लिए निराशाजनक रहा। हमें मौके मिले, लेकिन हम उनका फायदा नहीं उठा सके। हम गेंद और बल्ले से लगातार अच्छा नहीं कर पाए, और इसका अंतर साफतौर पर नजर आया। हम शायद प्लेऑफ में जाने के लिए दावेदारों के उसी ग्रुप में होने से दो-तीन जीत दूर रह गए। हम अहम मौकों पर जीत दर्ज नहीं कर सके, जिसका ताजा उदाहरण यह मुकाबला (आरसीबी) है। इसी वजह से पूरे सीजन को शॉर्ट में बताना मेरे लिए मुश्किल है। मुझे इस पर थोड़ा सोचना होगा और फिर पता लगाना होगा कि असल में क्या गलत हुआ।' आखिरी ओवर में मुंबई इंडियंस को आरसीबी के खिलाफ 15 रनों का बचाव करना था और कप्तान सूर्यकुमार ने गेंद युवा खिलाड़ी राज बावा के हाथों में सौंपी, जो एमआई को जीत दिलाने में नाकाम रहे। इस फैसले पर बात करते हुए जयवर्धने ने कहा, 'उस समय हमारे सारे गेंदबाजों के ओवर खत्म हो चुके थे, हमारे पास कोई भी अनुभवी



गेंदबाज नहीं बचा था। हमारे पास सिर्फ स्पिनर्स का ही विकल्प था। गजनफर भी महंगे साबित हुए थे। इसी वजह से सूर्यकुमार ने राज बावा के साथ जाने का फैसला किया।' राज बावा का बचाव करते हुए जयवर्धने ने कहा, 'राज एक अच्छे गेंदबाज हैं। हम जानते हैं कि वह प्रैक्टिस में क्या करते हैं। उनके पास यॉर्कर, वाइड बॉल और वो सभी गेंदें मौजूद हैं, जो अंतिम ओवरों में चाहिए होती है। ऐसे में यह वो सिचुएशन थी, जहां हमें लगा कि उनका इस्तेमाल करना चाहिए। मेरे हिसाब से उन्होंने अच्छी गेंदबाजी की और शेफर्ड का विकेट भी चटकाया। हां, मेरा मतलब है कि कुछ वाइड, नो-बॉल भी उन्होंने डाली, क्योंकि उनके ऊपर दबाव था।

## पंजाब ने दिल्ली को 211 रन का टारगेट दिया

### श्रेयस-प्रियांश के अर्धशतक, स्टार्क-माधव को 2-2 विकेट

**नई दिल्ली।** आईपीएल में पंजाब किंग्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हो रहा है। दिल्ली ने धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया है। दिल्ली ने प्लेइंग-11 में पांच बदलाव किए हैं। वहीं पंजाब के लिए बेन ड्वारशुइस डेब्यू कर रहे हैं। पंजाब ने 19 ओवर के बाद 5 विकेट के नुकसान पर 203 रन बना लिए हैं। श्रेयस अय्यर और सूर्यांश शेडगे क्रीज पर हैं। शशांक सिंह 0, मार्कस स्टोयनिस 1, कूपर कोनोली 38, प्रियांश आर्या 56 और प्रभसिमरन सिंह 18 रन बनाकर आउट हुए। 19वें ओवर में मुकाबले ने जबरदस्त मोड़ लिया। मिचेल स्टार्क ने लगातार दो गेंदों पर मार्कस स्टोयनिस और शशांक सिंह को आउट किया। हालांकि हैट्रिक गेंद पर आए सूर्यांश शेडगे ने दबाव में शानदार बल्लेबाजी करते हुए पहले छक्का जड़ा, फिर चौका और ओवर की आखिरी गेंद पर एक और सिक्स लगाकर मैच का रुख फिर पंजाब की ओर मोड़ दिया। 19 ओवर के बाद पंजाब का स्कोर 203/5 पहुंच गया। माधव तिवारी ने



एक बार फिर दिल्ली को सफलता दिलाई। उन्होंने धीमी शॉर्ट गेंद से कूपर कोनोली को छकाया, जो बड़ा शॉट लगाने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर कैच दे बैठे। वहां डेविड मिलर ने आसान कैच लपका। कॉनॉली 27 गेंदों में 38 रन बनाकर पवेलियन लौटे। श्रेयस अय्यर ने 32 बॉल में अर्धशतक पूरा किया। माधव तिवारी की शॉर्ट और वाइड गेंद को श्रेयस ने जोरदार तरीके से डीप एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्के के लिए भेज दिया। इसी के साथ उन्होंने अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। 7 से 13 ओवर के बीच दिल्ली कैपिटल्स ने मैच में शानदार वापसी की और सिर्फ 61 रन देकर दो बड़े विकेट हासिल किए। मुकेश कुमार ने प्रभसिमरन सिंह को आउट किया, जबकि माधव तिवारी ने प्रियांश आर्या को अपना पहला आईपीएल विकेट बनाया। इसके बाद नंबर-3 पर आए श्रेयस अय्यर और कूपर कोनोली ने संभलकर बल्लेबाजी करते हुए पारी को आगे बढ़ाया। दिल्ली कैपिटल्स ने बीच के ओवरों में रन पर कुछ हद तक लगाम लगाई, लेकिन श्रेयस अय्यर एक छोर से तेजी बनाए हुए हैं। उन्होंने लुंगी एनगिडी की स्लोअर गेंद पर शानदार छक्का जड़कर दबाव कम किया। 12 ओवर के बाद पंजाब किंग्स का स्कोर 125/2 पहुंच गया है। माधव तिवारी ने आईपीएल में अपना पहला विकेट हासिल करते हुए पंजाब को बड़ा झटका दिया। शानदार बल्लेबाजी कर रहे प्रियांश आर्या बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में डीप पॉइंट पर कैच थमा बैठे। वहां साहिल परख ने अपना पहला आईपीएलकैच लपका। प्रियांश 33 गेंदों में 56 रन बनाकर आउट हुए, उनकी पारी में 2 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। मुकेश कुमार ने दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। तेजी से रन बनाने की कोशिश में प्रभसिमरन सिंह बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लग गई। डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग से दौड़ते हुए आकिब नबी ने शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी खत्म की।

## बीसीसीआई ने अंपायर से बहस के लिए फ्लावर पर जुर्माना लगाया

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के मुख्य कोच एंडी फ्लावर पर अंपायर से बहस के लिए जुर्माना लगाया है। बीसीसीआई के अनुसार मुम्बई इंडियंस के खिलाफ मैच में फ्लावर पर अंपायर से बहस के लिए 15 फीसदी जुर्माना लगाया गया है। उन पर मैच के दौरान आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने के आरोप लगे हैं। फ्लावर ने इसे स्वीकार कर लिया है जिस कारण उनपर आगे कार्रवाई नहीं होगी। इस मैच में आरसीबी लक्ष्य का पीछा कर रही थी। तभी 18वें ओवर के दौरान नमन धीर ने कुनाल पंड्या का का कैच पकड़ने का प्रयास किया । इसके बाद अंपायर ने कुनाल को आउट करार दिया हालांकि इस पर संशय था जिससे फ्लावर भड़क गए और चौथे अंपायर से बहस करने लगे। इसी दौरान उन्होंने अंपायर को अपशब्द कह दिये। इसी कारण उन्हें आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया। इसी को लेकर मैच रेफरी अमित शर्मा ने फ्लावर पर जुर्माना ठोक दिया। आईपीएल में किसी मैच अधिकारी पर उठे विवाद का ये पहला मामला नहीं है। इससे पहले राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर पर भी डगआउट में मोबाइल पर बात करने के कारण विवाद उठा था। इसके बाद उन पर भी भारी भरकम जुर्माना लगा था।

## आईसीसी महिला टी20 विश्वकप में बीसीबी को टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**ढ़ाका।** बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम आगामी टी20 महिला विश्वकप क्रिकेट में निगार सुल्ताना जोटी की कप्तानी में उतरेगी जबकि नाहिदा अख्तर को उपकप्तान बनाया गया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने 0 विश्व कप 2026 के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। विश्वकप इंग्लैंड और वेल्स में 12 जून से शुरु होगा। इसमें दुनिया भर की शीर्ष महिला टीमें उतरेंगी। बीसीबी का कहना है कि बांग्लादेश की टीम बेहतर प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी।

बांग्लादेश टीम ने इस साल की शुरुआत से ही इसके लिए अभ्यास किया है। आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 ग्लोबल क्वालिफायर में भी टीम का प्रदर्शन अच्छा रहा है। पूरे टूर्नामेंट के दौरान, चाहे वह ग्रुप स्तर हो या सुपर सिक्स , टीम ने सभी मुकाबले जीते हैं जिससे वह उत्साहित है। इससे उसका विश्वकप के लिए मनोबल बढ़ा है। विश्व कप के मुख्य मुकाबले शुरू होने से पहले, बांग्लादेश की टीम अपनी तैयारियों को बेहतर करने के लिए 25 मई को स्कॉटलैंड और नीदरलैंड्स के बीच होने वाली त्रिकोणीय-सीरीज़ में भाग लेने एडिनबर्ग जाएगी। यह सीरीज खिलाड़ियों को यूरोपीय हालातों के अनुसार ढ़लने और अपनी रणनीति को परखने का अवसर देगी। त्रिकोणीय-सीरीज़ के समाप्त होने के बाद, टीम लॉफबोरो जाएगी, जहां वे अपने टी-20 विश्व कप वार्म-अप मैचों में भाग लेंगी। टीम विश्वकप में अपने अभियान की शुरुआत 14 जून को एजबेस्टन में नीदरलैंड्स के खिलाफ मुकाबले से करेगी। बीसीबी के अनुसार टीम की कप्तान निगार सुल्ताना और उपकप्तान नाहिदा अख्तर अनुभवी हैं जो टीम को प्रेरित करेंगी। बीसीबी को उम्मीद है कि टीम विश्वकप में भाग ही नहीं लेगी बल्कि अपने प्रदर्शन से भी प्रभावित करेगी।

## नेशंस कप को देखते हुए अभ्यास शिविर में तैयारी करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम को अगले माह न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में 15 से 21 जून तक एफआईएच नेशंस कप में खेलना है। इसके अलावा उसे ओलंपिक क्वालिफिकेशन की भी तैयारी करनी है। इसी को देखते हुए टीम ने एक अभ्यास शिविर लगाया है। ये इसी माह 20 मई तक चलेगा। गौरतलब है कि एफआईएच नेशंस कप जीतने वाली टीम को 2026-27 एफआईएच हॉकी प्रो लीग में सीधे प्रवेश मिलेगा। इसके बाद, प्रो लीग में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम को लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए सीधे क्वालिफिकेशन हासिल करने का अवस मिलेगा, जिससे भारतीय हॉकी के लिए नेशंव कप काफी अहम है। इसके अलावा, टीम की नजरें अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड्स में होने वाले एफआईएच हॉकी महिला विश्व



कप 2026 और जापान में सितंबर-अक्टूबर में आयोजित होने वाले 2026 एशियाई खेलों पर भी लगी हैं। मुख्य कोच शॉर्ड मारिन की देखरेख में आयोजित हो रहे इस शिविर में उन्हीं 31 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जो अप्रैल के पिछले राष्ट्रीय शिविर का हिस्सा थीं। यह टीम प्रबंधन के निरंतर रवैये को दर्शाता है, जहां खिलाड़ियों की फिटनेस स्तर को और बेहतर बनाने, टीम संयोजन को मजबूत करने और तकनी कौशल में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। अनुभवी और युवा प्रतिभा का यह मिश्रण भारतीय टीम की गहराई और लचीलेपन को दर्शाता है। गोलकीपिंग विभाग में अनुभवी सविता के साथ माधुरी किंडो, बंसरी सोलंकी और बिचू देवी खारीबाम मौजूद हैं,डिफेंस में निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति सिंह, लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास जैसी मजबूत खिलाड़ी हैं। मिडफील्ड में कप्तान सलीमा टेटे के नेतृत्व में सुशीला चानू, मनीषा चौहान, वैष्णवी फाल्के, नेहा, साक्षी राणा, सुनीता टोप्पो और इशिका जैसी खिलाड़ी शामिल हैं। फॉरवर्ड लाइन में नवनीत कौर, दीपिका, लालरेमसियामी, मुमताज खान, दीपिका सोरेंग, बलजीत कौर, ब्यूटी डुंगडुंग, हिना बानो और संगीता कुमारी जैसी आक्रामक खिलाड़ी हैं, जिनसे गोल दागने की उम्मीद है। शिविर के महत्व पर जोर देते हुए मुख्य कोच शॉर्ड मारिन ने कहा, यह ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले एक छोटा लेकिन बेहद महत्वपूर्ण कैंप होगा। हमारा मुख्य ध्यान खिलाड़ियों की फिटनेस और खेल के उन विशिष्ट क्षेत्रों पर रहेगा, जहां हमें सुधार की आवश्यकता है। हम लगातार बेहतर प्रदर्शन करना चाहते हैं और एक टीम के तौर पर अगले स्तर तक पहुंचना चाहते हैं।

## इटैलियन ओपन : राफेल जोडार ने माटेओ अर्नाल्डी को हराकर बनाई चौथे राउंड में जगह

**रोम।** स्पेन के युवा खिलाड़ी राफेल जोडार ने अपने डेब्यू इटैलियन ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से एंट्री करने वाले माटेओ अर्नाल्डी को 6-1, 4-6, 6-3 से हराया। राफेल ने मैच की शुरुआत शानदार अंदाज में की और पहले सेट को 6-1 से अपने नाम किया। हालांकि, दूसरे सेट में अर्नाल्डी ने जोरदार वापसी की और सेट को 6-4 से जीता। हालांकि, तीसरे सेट में जोडार ने कमाल का खेल दिखाया और लगातार पांच गेम जीतते हुए मैच को अपने नाम कर लिया। दो घंटे तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करने के साथ ही जोडार ने एटीपी जीत/हार इंडेक्स के अनुसार, साल 2026 में क्ले कोर्ट पर 14-2 का रिकॉर्ड बनाया। इस दौरान उन्होंने माराकेच में अपना पहला एटीपी टूर खिताब जीता, जबकि बार्सिलोना में सेमीफाइनल और मैड्रिड में क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया। एटीपी टूर ने जोडार के हवाले से कहा, 'मैं बहुत खुश हूं। रोम में



यहां किसी इटैलियन के साथ खेलना कभी आसान नहीं होता। मैंने अपना टेनिस खेलने की कोशिश की। मैटेओ ने दूसरे और तीसरे सेट में बहुत अच्छा खेला, इसलिए मैंने हर पॉइंट पर मौजूद रहने और मैच के दौरान जो कुछ भी हुआ उसे स्वीकार करने की कोशिश की।' इस हफ्ते पहली बार एटीपी टूर पर सीडेड खिलाड़ी के तौर पर मुकाबला कर रहे जोडार का अगला मुकाबला मौजूदा नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल चैंपियन लर्नर टिएन से होगा। इससे पहले, टिएन ने अलेक्जेंडर बुब्लिक को 4-6, 6-3, 7-5 से हराकर मार्च में इंडियन वेल्स क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार लगातार दो एटीपी टूर जीत हासिल की।

## मुंबई को हराकर अंक तालिका में नंबर एक पर पहुंची आरसीबी

**रायपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम ने मुम्बई इंडियंस को आईपीएल 2026 के एक रोमांचक मुकाबले में अंतिम गेंद पर हराकर अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। वहीं इस हार के साथ ही मुंबई की टीम अंतिम स्थान पर खिसक गयी है। इस जीत के साथ ही आरसीबी की प्लेऑफ के लिए दावेदारी मजबूत होगी। इस मैच में 167 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने अंतिम गेंद पर जीत हासिल की। इसी के साथ ही मुंबई की टीम को11 मैचों में आठवीं हार का सामना करना पड़ा है। इसी के साथ ही मुम्बई की टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के बाद प्लेऑफ से बाहर होने वाली दूसरी टीम बन गयी है। वहीं इस जीत के साथ ही आरसीबी के अब सबसे अधिक 14 अंक हो गये हैं और वर नंबर एक पर पहुंच गयी है। वहीं इतने ही अंक लेकर सरनरइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं क्योंकि इनका नेट रन रेट कम रहा है । इस में आरसीबी को जीत के लिए 15 रनों की जरुर थी। मुंबई की कप्तानी कर रहे सूर्यकुमार यादव ने राज अंगद बावा को ओवर दिया। ओवर की शुरुआत में वाइड और नो-बॉल से हुई, जिससे आरसीबी को आसानी से 5 रन मिल गए। बावा ने तीसरी गेंद पर रोमारियो शेफर्ड का विकेट लेकर मुंबई की उम्मीदें जगा दीं पर इसके बाद एक और वाइड से टीम को नुकसान हुआ।

## वैभव को तीनों प्रारुपों में खेलते देखना चाहिते हैं अश्विन

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल के 19 वें सत्र में राजस्थान रॉयल्स से खेल रहे 15 साल के उभरत हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह भविष्य का सितारा है। अश्विन ने ये भी कहा कि वह इस युवा को तीनो प्रारुपों में खेलते हुए देखना चाहते हैं। अश्विन ने वैभव की आक्रामक बल्लेबाजी शैली की सराहना करते हुए कहा, वह जिस प्राकर से सभी गेंदबाजों को निशाना बनाता है।

उससे साफ है कि वह निडर है और किसी भी गेंदबाज को खेल सकता है। उन्होंने भरोसा जताया कि वैभव में टेस्ट क्रिकेट खेलने की भी क्षमताएं हैं। अश्विन ने कहा, उसे टेस्ट में जगह मिलेगी तो प्रशंसक स्वयं मैच देखने आएंगे क्योंकि वह दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करता है। उन्होंने वैभव के अंडर-19 विश्व कप फाइनल के प्रदर्शन को याद करते हुए कहा कि उसमें गेंद को पूरी ताकता से खेलने की



क्षमताएं हैं। वहीं ये भी माना कि इतनी कम उम्र में वैभव पर जरुरत से अधिक दबाव न डाला जाये। अश्विन ने कहा कि उन्हें खुलकर क्रिकेट खेलने देना चाहिए। साथ ही कहा कि क्रिकेट करियर में बहुत कम मौके आते हैं जब आप बिना किसी दबाव के खेल का आनंद लेते हैं। वह अभी सिर्फ 15 साल का है। हमें उसे उसी तरह खेलने देना चाहिए।

अश्विन ने साथ ही कहा कि अभी उससे ऐसी चीजों की उम्मीद नहीं करनी चाहिए, जो उनके करियर की शुरुआत में जरुरी नहीं हैं। इस दिग्गज स्पिनर के अनुसार रॉयल्स के पास कई अनुभवी बल्लेबाज मौजूद हैं, इसलिए वैभव पर अकेले ही टीम की पूरी जिम्मेदार न डाली जाये।

साथ ही कहा कि ध्रुव जुरेल, रियान पराग और डोनोवन फरेरा जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी। अश्विन का मानना है कि अगर वैभव टीम को अच्छी शुरुआत दिलाता है, तो राजस्थान को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिये। वैभव ने इस सत्र में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा है। उन्होंने जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड और मोहम्मद सिराज जैसे दुनिया के कुछ शानदार गेंदबाजों के खिलाफ भी निडर होकर बल्लेबाजी की है।

व्यापार समाचार प्रचार-प्रसार प्रकाशित हेतु संपर्क करें : 9806044444
प्रतिदिन राजधानी
रायपुर, मंगलवार, 12 मई 2026
https://epaper.pratidinrajdhani.in

## एमेजॉन द्वारा साल 2026 के अंत तक अपने आश्रय केंद्रों की संख्या को बढ़ाकर 250 तक ले जाया जाएगा




**नई दिल्ली।** एमेजॉन इंडिया ने साल 2026 के अंत तक अपने आश्रय केंद्रों की संख्या 250 तक ले जाने की अपनी योजना के बारे में बताया, जिससे दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बैंगलुरु, चेन्नई और देश के अन्य शहरों में मौजूदा 100 आश्रय केंद्रों का नेटवर्क बढ़कर और अधिक मजबूत हो जाएगा। इसी विस्तार के अंतर्गत मई के अंत तक 50 नए आश्रय केंद्र शुरू किए जाएंगे। आश्रय केंद्र सभी डिलीवरी ड्राईवर्स के लिए एमेजॉन के समर्पित रेस्ट सेंटर हैं, जहाँ अन्य कंपनियों के डिलीवरी ड्राईवर भी आ सकते हैं। यहाँ पर उन्हें एयरकंडीशंड सीटिंग, पीने के लिए साफ पानी, इलेक्ट्रोलाईट, मोबाईल चार्जिंग पॉईंट, स्वच्छ वॉशरूम, फर्स्ट एड किट और आराम करने की जगह मिलती है। ये सेंटर भीषण गर्मियों के मौसम में डिलीवरी ड्राईवर्स को आराम करने और फिर से रिचार्ज होने का स्थान प्रदान करते हैं। इस समय भारत के 16 शहरों में 100आश्रय केंद्र हैं, जहाँ साल 2025 में पूरे उद्योग के डिलीवरी ड्राईवर्स की एक मिलियन से अधिक विजिट दर्ज हुई थीं। एमेजॉन इंडिया ने मोबाईल "आश्रय" यूनिट्स भी शुरू की हैं। ये एयरकंडीशंड वैन भारी ट्रैफिक वाले डिलीवरी मार्गों पर खड़ी रहती हैं, ताकि एसोसिएट्स को किसी विशेष स्थान पर जाने की बजाय अपने मार्ग में ही आराम करने और हाईड्रेशन की सुविधा मिल सके। इन मोबाईल यूनिट्स में एयरकंडीशंड सीटिंग, साफ पीने का पानी, इलेक्ट्रोलाईट, वाई-फाई और मोबाईल चार्जिंग पॉईंट्स आदि सुविधाएं मिलती हैं। सलीम आर मेमन, डायरेक्टर ऑपरेशंस, एमेजॉन इंडिया ने कहा, "हमारे ऑपरेशन नेटवर्क में अपने डिलीवरी एसोसिएट्स की सेहत, स्वास्थ्य और सुरक्षा हमारे लिए सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। हमने आश्रय की शुरुआत एक सामान्य से विचार के साथ की थी कि हर डिलीवरी ड्राइवर, चाहे वह एमेजॉन से जुड़ा हो या नहीं, को काम करने के दौरान आराम करने का साफ और ठंडा स्थान मिलना चाहिए। अपने आश्रय केंद्रों की संख्या को बढ़ाकर 250 तक ले जाने और अपनी मोबाईल यूनिट्स द्वारा डिलीवरी ड्राईवर्स के पास पहुँचकर उन्हें ये सुविधाएं प्रदान करने से हमारी यह प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। यह हमारे नेटवर्क में अपने एसोसिएट की सेहत, स्वास्थ्य और सुरक्षा को मजबूत करने के लिए हमारे 2,800 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का एक हिस्सा है।"

# भारत के गोल्ड इकोसिस्टम को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एनएसई ने लॉन्च किए इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स

**रायपुर।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) ने इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) को एक नए सेगमेंट के तौर पर लॉन्च किया है। यह एक क्राँतिकारी पहल है, जिसका उद्देश्य भारत के पारंपरिक और बड़े गोल्ड मार्केट में पारदर्शिता, सहजता और एक मजबूत सिस्टम लाना है। 4 मई, 2026 को शुरू हुई यह पहल फिजिकल गोल्ड और फाइनेंशियल मार्केट के बीच के सदियों से चले आ रहे अंतर को खत्म करने में मदद करेगी, जहाँ सोने की खरीदी-बिक्री एक सुरक्षित, रेगुलेटेड और टेक्नोलॉजी बेस्ड प्लेटफॉर्म पर हो सकेगी। ईजीआर एक तरह की डिजिटल सिक्योरिटी है, जो फिजिकल गोल्ड के मालिकाना हक को दर्शाती है। यह सोना सेबी द्वारा मान्यता प्राप्त वॉल्ट्स में सुरक्षित रखा जाता है और डिपॉजिटरी के जरिए इलेक्ट्रॉनिक फॉर्म में होल्ड किया जाता है। हर ईजीआर पूरी तरह असली सोने से जुड़ा होता है और इसे एक्सचेंज पर




आसानी से ट्रेड किया जा सकता है, जिससे गोल्ड सीधे फॉर्मल फाइनेंशियल सिस्टम का हिस्सा बन जाता है। इस लॉन्च के साथ एनएसई का लक्ष्य गोल्ड ट्रेडिंग के लिए एक मजबूत और पारदर्शी माहौल बनाना है, जिससे सही कीमत तय करने में मदद मिले, ज्यादा लोग मार्केट में भाग लें और ज्वेलर्स, रिफाइनर्स, ट्रेडर्स और संस्थागत निवेशकों के बीच भरोसा और मजबूत हो सके। एनएसई ने एक गोल्ड बार (1000 ग्राम) को सफलतापूर्वक डीमटेरियलाइज़ करके उसे इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट (ईजीआर) में बदला। यह इस बात का संकेत है कि फिजिकल गोल्ड को आसानी से एक सुरक्षित और ट्रेड करने योग्य डिजिटल इंस्ट्रूमेंट में बदला जा सकता है, वह भी पूरी तरह रेगुलेटेड सिस्टम के तहत। यह उपलब्धि प्रदर्शित करती है कि एनएसई का ईजीआर फ्रेमवर्क पूरी तरह तैयार है और गोल्ड में आसान, पारदर्शी और डिलीवरी आधारित ट्रेडिंग को सही तरीके से संभव बना सकता है। श्री श्रीराम कृष्णन, चीफ बिजनेस डेवलपमेंट ऑफिसर (सीबीडीओ), एनएसई, ने कहा, 'एनएसई पर इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स की शुरुआत इस विषय में एक बड़ा बदलाव है कि भारत अपने सबसे पसंदीदा एसेट, यानि सोने के साथ कैसे जुड़ता है। एनएसई की मजबूत टेक्नोलॉजी और लिक्विडिटी सिस्टम का इस्तेमाल करते हुए हम गोल्ड तक पहुँच को आसान बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिससे देश भर के निवेशक अब ज्यादा पारदर्शिता और भरोसे के साथ ट्रेड कर सकेंगे। हमारा मानना है कि गोल्ड निवेश के लिए एक आसान, सुरक्षित और डिजिटल रास्ता बनाकर हम इसे कैपिटल मार्केट में एक आधुनिक और जुड़े हुए एसेट के रूप में स्थापित कर रहे हैं, जिससे अलग-अलग बिखरे हुए बेंचमार्क्स पर निर्भरता कम होगी और ज्यादा लोगों को फाइनेंशियल सिस्टम से जुड़ने का मौका मिल सकेगा।' इलेक्ट्रॉनिक होल्डिंग, तय गुणवत्ता और फिजिकल व डिजिटल फॉर्म के बीच आसान बदलाव जैसी सुविधाओं के जरिए ईजीआर, निवेशकों को गोल्ड मार्केट में छोटे-छोटे हिस्सों में भी निवेश करने का मौका देता है। इससे लिक्विडिटी और फ्लेक्सिबिलिटी का विस्तार होता है, जो डीमैट फॉर्म में रखे जाने वाले अन्य फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट्स के बराबर होती है।

## मजबूत बिजनेस के साथ लोन बुक में 26.6 प्रतिशत की सालाना वृद्धि

**बेंगलुरु।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने मार्च 2026 को समाप्त तिमाही के लिए अपने वित्तीय परिणाम जारी किए। वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 26 डिपॉजिट्स 21.4% सालाना और 8.2% तिमाही वृद्धि के साथ 45,668 करोड़ रुपए रहे सीएएसए 35.9% सालाना वृद्धि के साथ 13,062 करोड़ रुपए रहा, जबकि सीएएसए अनुपात 28.6% पर पहुँचा रिटेल टीडी+ सीएएसए 19.8% बढ़कर 31,955 करोड़ रुपए रहे और कुल डिपॉजिट्स में इनकी हिस्सेदारी 70.0% रही वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में सीओएफ 7.0% रहा, जो सालाना आधार पर 63 बेसिस पॉइंट कम है, जबकि पूरे वित्त वर्ष 26 में सीओएफ 7.2% रहा, जिसमें 35 बेसिस पॉइंट की कमी दर्ज की गई। ग्रॉस लोन बुक (जीएलबी) 26.6% सालाना और 9.7% तिमाही वृद्धि के साथ 40,655 करोड़ रुपए रही सिक्योर्ड बुक की हिस्सेदारी मार्च 2026 में 49.4% रही, जबकि मार्च 2025 में यह 43.5% और दिसंबर 2025 में 48.1% थी अब तक का सबसे अधिक तिमाही डिस्बर्समेंट 9,811 करोड़ रुपए रहा, जो सालाना आधार पर 32.1% और तिमाही आधार पर 18.3% अधिक है। मार्च 2026 में सुधरकर 3.54% रहा, जबकि मार्च 2025 में यह 4.54% और दिसंबर 2025 में 3.98% था जीएनपीए एनएनपीए क्रमिक रूप से सुधरकर मार्च 2026 में 2.27%/ 0.43% रहा।

### वित्त वर्ष 2026 में लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री की मजबूत बढ़त- इंश्योरेंस अवेयरनेस कमेटी

## नया बिजनेस प्रीमियम 15.7 प्रतिशत बढ़ा, कुल कलेक्शन लगभग 4.6 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा

**मुंबई।** लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री ने वित्त वर्ष26 में मजबूत बढ़त दर्ज की। नया बिजनेस प्रीमियम (एनबीपी) साल-दर-साल 15.7% बढ़कर 4,59,713 करोड़ रुपये हो गया, जो वित्त वर्ष25 में 3,97,337 करोड़ रुपये था। मार्च 2026 में इंडस्ट्री ने नया बिजनेस प्रीमियम के रूप में 75,872 करोड़ रुपये जुटाए, जो मार्च 2025 के 61,439 करोड़ रुपये की तुलना में उल्लेखनीय बढ़ोतरी है। इससे साफ है कि व्यक्तिगत (इंडिविजुअल) और ग्रुप दोनों सेगमेंट में बीमा की मांग लगातार मजबूत बनी हुई है। कमलेश राव, चेयरपर्सन, इंश्योरेंस अवेयरनेस कमिटी (आईएसी-लाइफ) ने कहा, 'वित्त वर्ष26 में लाइफ इंश्योरेंस इंडस्ट्री का मजबूत प्रदर्शन यह दिखाता है कि लोगों में बीमा को लेकर जागरूकता बढ़ रही है और भारतीय परिवार अब धीरे-धीरे वित्तीय सुरक्षा की योजना बनाकर चल रहे हैं। 15.7% की ग्रोथ यह भी बताती है कि बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ी है, इसकी पहुंच व्यापक हुई है और नए-नए प्रोडक्ट्स भी पेश किए जा रहे हैं। ग्रुप बिजनेस जहां विकास को आगे बढ़ा रहा है, वहीं इंडिविजुअल सेगमेंट की लगातार बढ़त विशेष रूप से उत्साहजनक है। हालांकि, अभी भी बीमा सुरक्षा में एक बड़ा अंतर (प्रोटेक्शन गैप) मौजूद है, जिसे कम करने के लिए जागरूकता और जल्दी बीमा अपनाने की जरूरत है। हमारा उद्देश्य देशभर में लोगों के बीच बीमा को लेकर समझ और जागरूकता बढ़ाना है, ताकि वे समय पर बीमा अपनाकर अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत और सुरक्षित कर सकें।' इस बढ़त में सबसे बड़ा योगदान ग्रुप बिजनेस का रहा, जो इंडस्ट्री की कुल वृद्धि का प्रमुख आधार बना रहा। ग्रुप सिंगल प्रीमियम 17.5% बढ़कर 2,49,766 करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि ग्रुप ईयरली रिन्यूएबल प्रीमियम में 39% की मजबूत बढ़त दर्ज की गई। ग्रुप नॉन-सिंगल प्रीमियम में भी अच्छी वृद्धि हुई, हालांकि यह अपेक्षाकृत छोटे आधार पर थी। इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) सेगमेंट भी मजबूत बना रहा, जिससे रिटेल ग्राहकों की लगातार भागीदारी दिखी। इंडिविजुअल नॉन-सिंगल प्रीमियम 10.1% बढ़कर 1,26,900 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इंडिविजुअल सिंगल प्रीमियम 12.3% बढ़कर 57,664 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह दिखाता है कि लंबी अवधि की बचत और सुरक्षा वाले बीमा उत्पादों की मांग लगातार बनी हुई है। पॉलिसियों के मामले में, वित्त वर्ष26 के दौरान इंडस्ट्री ने 2.83 करोड़ से ज्यादा पॉलिसियां जारी कीं, जो पिछले साल के मुकाबले 4.7% अधिक है। तुलनात्मक रूप से, प्रीमियम की वृद्धि पॉलिसियों की संख्या की बढ़त से अधिक रही।

## बॉलीवुड समाचार

# सड़क पार करने से भी डर लगता था, खुद को कमजोर साबित होने से बचाना है : जैस्मीन भसीन



जैस्मीन भसीन टीवी इंडस्ट्री का वो चेहरा हैं, जिन्होंने अपने 'अनफिल्टर्ड' अंदाज से हर घर में अपनी जगह बनाई है। 'खतरों के खिलाड़ी' के पिछले सीजन में उनके रोने और डरने के बावजूद स्टंट पूरे करने के जज्बे को दर्शकों ने खूब सराहा था। अब जैस्मीन एक बार फिर 'डर के नए दौर' में कदम रखने जा रही हैं। जैस्मीन ने अपनी जिंदगी के उन पन्नों को पलटा, जहां कभी वह सड़क पार करने से भी घबराती थीं। उन्होंने बताया कि कैसे एक प्रोटेक्टिव माहौल से निकलकर उन्होंने अपनी पहचान बनाई और आज उन्हें किस बात का सबसे बड़ा खौफ सताता है। साथ ही, अली गोनी के उस 'गुरु मंत्र' का भी जिक्र किया जो इस बार उनकी ढाल बनेगा।

**जैस्मीन, आप एक बार फिर 'डर के नए दौर' के लिए तैयार हैं। एक्साइटमेंट ज्यादा है या एंग्जायटी?**

सच कहूं तो दोनों ही चरम पर हैं। मैं एक्साइटेड तो हूं, पर उतनी ही डरी हुई भी हूं। 'खतरों के खिलाड़ी' कोई छोटा खेल नहीं है। यहाँ हर बार खतरे नए होते हैं और चुनौतियां पहले से कहीं ज्यादा कठिन। मेरे पिछले सीजन में सबने देखा था कि मुझे डर बहुत ज्यादा लगता है, इसलिए अब जैसे-जैसे शो करीब आ रहा है, एंग्जायटी बढ़ती जा रही है।

**जब आप पहली बार इस शो का हिस्सा बनी थीं, तब आपके फोबिया क्या थे? और इस बार क्या कुछ बदला है?**

ऑनेस्टली कहूंतो जब मैं पहली बार गई थी, तब मैं सड़क पार करने तक से डरती थी। मैं बहुत ही प्रोटेक्टिव एनवायरमेंट में पली-बढ़ी हूं, जहाँ हर चीज के लिए कोई न कोई साथ होता था। उस समय हर चीज नई और डरावनी थी। आज भी हाइट और पानी के अंदर बिना ऑक्सीजन के रहने से डर लगता है। फोबिया खत्म नहीं हुए हैं, बस मैं उम्मीद कर रही हूं कि इस बार मैं उनसे बेहतर तरीके से निपट पाऊँगी।

**डर वही है, लेकिन आप फिर से जा रही हैं। क्या आप खुद को मेंटली ज्यादा स्ट्रॉन्ग महसूस कर रही हैं?**

बिल्कुल। यह शो आपको एक अलग इंसान बना देता है। जब आप अपने डर का सामना करते हैं, तो आप अंदर से ज्यादा कॉन्फिडेंट होकर बाहर निकलते हैं। मुझे लगता है कि इस बार भी मुझे उस कॉन्फिडेंस की जरूरत है। मैं एक बार फिर खुद को परखना चाहती हूं।

**फैंस जानना चाहते हैं कि अली गोनी ने आपको इस बार क्या खास टिप्स दिए हैं?**

ली ने बस एक ही बात कही है कि अपने आप पर भरोसा रखना। उन्होंने कहा, 'तुम जितनी खुद को समझती हो, उससे कहीं ज्यादा स्ट्रॉन्ग हो।' बस यही एक टिप मेरे लिए काफी है।

**इस बार आपके साथ कई पुराने खिलाड़ी और वेटरन्स भी जा रहे हैं, कॉम्पिटिशन कितना कड़ा होने वाला है?**

कॉम्पिटिशन बहुत जबरदस्त होने वाला है क्योंकि सब पूरी तैयारी के साथ आ रहे हैं। सब बहुत स्ट्रॉन्ग हैं। लेकिन मेरी कोशिश यही रहेगी कि माहौल को थोड़ा हल्का रखा जाए। जब आप स्टंट करते हैं, तो दिमाग पर बहुत प्रेशर होता है, ऐसे में बाकी समय हँसते-खेलते और प्यार-मोहब्बत से बीत जाए तो अच्छा है।

**संघर्ष के दिनों की बात करें, तो जब आप घर छोड़कर इस इंडस्ट्री में आईं, तब मन में सबसे बड़ा खौफ क्या था?**

उस वक्त सबसे बड़ा खौफ 'फेलियर' का था। मैंने घर छोड़ा, बहुत रिस्क लिए और स्ट्रगल किया। मन में हमेशा यह बात रहती थी कि अगर मैं कुछ नहीं अचीव कर पाई, तो मेरे उन सैक्रिफाइसेज का क्या होगा? मुझे खुद से ज्यादा बुरा अपने पेरेंट्स के लिए लगता था क्योंकि उन्होंने मुझ पर बहुत भरोसा किया था। मैं उन्हें नीचा नहीं दिखाना चाहती थी।

**आज जब आप सफल हैं, तो क्या आज भी कोई डर बाकी है?**

आज डर बदल गया है। आज खौफ है उस पहचान और इज्जत को खो देने का, जिसे कमाने में सालों लग गए। आज के दौर में सोशल मीडिया जिस तरह काम करता है, डर लगता है कि कोई छोटी सी गलती आपका सब कुछ छीन न ले। अपनी स्किल्स और मेहनत से जो मुकाम पाया है, उसे बरकरार रखना आज का सबसे बड़ा चैलेंज है।

**जब आपने घर पर बताया कि आप दोबारा खतरों से खेलने जा रही हैं, तो मम्मी का क्या रिएक्शन था?**

मम्मी तो घबरा गई थीं। जब मैंने कहा कि मैं फिर जा रही हूं, तो वो चिंता में पड़ गईं। दोस्तों को यह सब बहुत कूल और 'वाओ' लगता है, लेकिन जो जाता है, असल में वही जानता है कि वहाँ क्या हालत होती है।

**आपकी एक 'अनफिल्टर्ड' इमेज है, आप जो सोचती हैं बोल देती हैं, क्या इस बार कोई फिल्टर लगाने की कोशिश करेंगी?**

बिल्कुल नहीं। मैं जैसी हूं वैसी ही रहूंगी। मैं अपनी राय रखने और अपनी भावनाओं को जाहिर करने में कभी पीछे नहीं रहती। जो लोग मुझे जानते हैं और जो शो देख रहे हैं, वो मुझे मेरे असली रूप के लिए ही पसंद करते हैं। अब किसी और की तरह दिखने या बनने का कोई शौक नहीं है। 'आई लव द वे आई एम'।

## 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' को लेकर उत्साहित है रणदीप हुड्डा

अपनी चर्चित वेब सीरीज 'इंस्पेक्टर अविनाश' के दूसरे सीजन को लेकर अभिनेता रणदीप हुड्डा काफी उत्साहित हैं। अभिनेता रणदीप अब एक बार फिर इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा के किरदार में नजर आने वाले हैं। रणदीप हुड्डा ने नए सीजन को लेकर कहा कि इस बार अविनाश का किरदार और भी मजबूत और गहराई से दर्शकों के सामने आएगा। इस बार कहानी पहले से ज्यादा एक्शन, इमोशन और रोमांच से भरपूर होने वाली है। उन्होंने बताया कि अविनाश अब सिर्फ अपराधियों से लड़ाई नहीं लड़ रहा है, बल्कि अपने परिवार, अपनी सच्चाई और अपने अस्तित्व को बचाने की जंग भी लड़ रहा है। अभिनेता के मुताबिक, इस बार कहानी का दायरा बड़ा है, एक्शन ज्यादा वास्तविक है और भावनात्मक संघर्ष भी पहले से कहीं ज्यादा गहरा है। सीरीज में अभिनेत्री उर्वशी रौतेला भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। उन्होंने शो के बारे में बात करते हुए कहा कि 'इंस्पेक्टर अविनाश सीजन 2' पहले से कहीं ज्यादा बड़ा, बेबाक और धमाकेदार



है। उर्वशी ने कहा कि इस कहानी का हिस्सा बनना उनके लिए शानदार अनुभव रहा। उनके अनुसार, हर दृश्य को अलग अंदाज और खास स्तर पर तैयार किया गया है, जिससे दर्शकों को भरपूर रोमांच और ड्रामा देखने को मिलेगा। सीरीज के निर्देशक नीरज पाठक ने बताया कि दूसरे सीजन में पहले भाग की सभी पसंदीदा चीजों को और बड़े पैमाने पर पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बार अविनाश सिर्फ अपराधियों से नहीं, बल्कि उस व्यवस्था से भी लड़ता नजर आएगा, जो उसके आसपास धीरे-धीरे टूट रही है। निर्देशक के मुताबिक, कहानी में बाहरी संघर्ष के साथ-साथ निजी लड़ाई को भी गहराई से दिखाया गया है। यह क्राइम थ्रिलर 1990 के दशक के उत्तर प्रदेश की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कहानी में इंस्पेक्टर अविनाश मिश्रा खुद को ऐसे हालात में फंसा पाते हैं, जो उनके निजी और पेशेवर जीवन को पूरी तरह बदल देते हैं। बेटे के हत्या मामले में फंसने और शादी टूटने की स्थिति तक पहुंचने के बाद अविनाश को अपने जीवन की सबसे कठिन लड़ाई लड़नी पड़ती है। दूसरे सीजन में रणदीप हुड्डा और उर्वशी रौतेला के अलावा अमित सियाल, अभिमन्यु सिंह, रजनीश दुग्गल, शालिन भनोट और फ्रेडी दारूवाला भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। जियो स्टूडियोज प्रस्तुत इस सीरीज का निर्माण ज्योति देशपांडे, नीरज पाठक, गोल्ड माउंटेन पिक्चर्स और कृष्ण चौधरी ने किया है।

## म्यूजिकल ट्रायंगल लव स्टोरी के रूप में चर्चा में 'साइकिल गैप'

भारतीय दर्शक अब ऐसी फिल्मों को ज्यादा पसंद कर रहे हैं, जिनमें संगीत केवल मनोरंजन का माध्यम न होकर कहानी और किरदारों की भावनाओं का अहम हिस्सा बने। बॉलीवुड फिल्म निर्देशक एम आर भारती इसी सोच के साथ अपनी नई फिल्म 'साइकिल गैप' लेकर आ रहे हैं, जो एक म्यूजिकल ट्रायंगल लव स्टोरी के रूप में चर्चा में बनी हुई है। निर्देशक एम आर भारती ने फिल्म को लेकर कहा कि 'साइकिल गैप' एक ऐसी रिलेशनशिप ड्रामा फिल्म है, जिसमें संगीत कहानी की आत्मा की तरह काम करेगा। उनका मानना है कि कई बार इंसान अपनी भावनाओं को शब्दों में पूरी तरह व्यक्त नहीं कर पाता, लेकिन संगीत उन एहसासों को बेहद सहज तरीके से सामने ले आता है। यही वजह है कि फिल्म में गानों और बैकग्राउंड म्यूजिक को बेहद खास महत्व दिया गया है। उन्होंने बताया कि फिल्म को आधुनिक युवा दर्शकों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, लेकिन इसके साथ ही इसमें पुराने दौर की क्लासिक म्यूजिकल रोमांस फिल्मों की भावनात्मक गहराई और खूबसूरती को भी बरकरार रखने की कोशिश की गई




है। एम आर भारती इससे पहले भी अपनी फिल्मों में संवेदनशील और भावनात्मक कहानियों के लिए पहचाने जाते रहे हैं। उनकी फिल्म 'अझियाधा कोलांगल 2' को दर्शकों और समीक्षकों से काफी सराहना मिली थी, जबकि हालिया फिल्म 'ड्रीम गर्ल' ने प्यार, यादों और सपनों जैसे विषयों को अनोखे अंदाज में पेश कर लोगों का ध्यान खींचा था। फिल्म के निर्माता और मुख्य अभिनेता नवाज ने भी 'साइकिल गैप' को लेकर उत्साह जताया है। उन्होंने कहा कि उन्हें हमेशा से ऐसी म्यूजिकल लव स्टोरी पसंद रही हैं, जो लंबे समय तक दर्शकों के दिलों में बनी रहें।

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)**

Email Id: eocghbzone03@gmail.com

## आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला, कॉलोनी, रायपुर में निर्मित भवन कमांक **रोजवुड-11/133 श्रीमती अनुराधा त्रिपाठी पति श्री एस.एन. त्रिपाठी**, के नाम से स्ववित्तिय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक 25.01.2018 को पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 4840 दिनांक 31.12.2020 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी श्रीमती अनुराधा त्रिपाठी पति श्री एस.एन. त्रिपाठी, निवासी बी-10, गायत्री नगर, शंकर नगर रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) आबंटी द्वारा उक्त भवन को केता श्रीमती अनिंदिता कुंडू पति श्री आयुष मजुमदार, निवासी मकान नम्बर सी-5, सेक्टर-5, जुनियर केपीएस स्कूल के पास, कौशल्य माता विहार कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, रायपुर**

**कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)**

Email Id: eocghbzone03@gmail.com

## आम सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला, कॉलोनी, रायपुर में निर्मित भवन क्रमांक रोजवुड-11/132 श्रीमती दीप्ति झा पति श्री अजय कुमार झा, के नाम से स्ववित्तिय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड दिनांक 25.01.2018 को पंजीकृत कराने उपरान्त भवन की पूर्ण राशि जमाकर इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 4838 दिनांक 31.12.2020 के माध्यम से आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी श्रीमती दीप्ति झा पति श्री अजय कुमार झा, निवासी- विजय चौक चंगोराभाठा रायपुर, तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.) आबंटी द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्रीमती सविता मजुमदार पति श्री बासुदेव मजुमदार, निवासी- मकान नम्बर सी-5, सेक्टर-5, जुनियर केपीएस स्कूल के पास, कौशल्य माता विहार कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल,**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, रायपुर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर (छ.ग.)**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण, पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526440725600290**

## ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी चम्पा (बेवा) लक्ष्मण गोपी पि. लक्ष्मण पिता/पति पता-सा. कालीबाड़ी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 3/9(0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता दिनेश बघेल, गोपी पिता/पति स्व. लक्ष्मण पता-कालीबाड़ी मेहर नगर रविन्द्र मंच के पीछे रायपुर छत्तीसगढ़ के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार**
**रायपुर**

## शपथ-पत्र

मै शपथकर्ता अनूप कुमार सोनकर उम्र 40 वर्ष पिता श्री राम अवतार सोनकर पता- भवन कमांक 59, सोनकॅर पारा, धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नंबर 491331 जो कि निम्नलिखित कथन पेश करता हूँ कि:-

**01.** यह कि मेरा उपरोक्तानुसार नाम व पता सत्य एव सही है ।

**02.** यह कि मेरा पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बना हुआ है। जिसका पंजीयन क्रमांक 00101201500З312 जारी दिनांक. 20.03.2017 है। जिस पर माता का घरेलू व चालू नाम सुमन सोनकर (SUMAN SONKAR) व पिता का नाम अनूप सोनकर (ANOOP SONKAR ) एवं पता - सोनकर पारा रायपुर जिला रायपुर त्रुटिपूर्ण अंकित है।

**03.** यह कि, मेरी पत्नि का दस्तावेज अनुसार व मुल नाम- मंजू सोनकर (MANJU SONKAR) व मेरा पुरा नाम - अनूप कुमार सोनकर (ANUP KUMAR SONKAR) एवं सही पता - भवन कमांक 59, सोनकर पारा, धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नंबर 491331 है। जिसके प्रमाण हेतु संबधित वांछित दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न है।

**04.** यह कि, मेरे पुत्र के नाम से जारी उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम (YUVRAJ SONKAR) युवराज सोनकर पिता का नाम अनूप कुमार सोनकर (ANUP KUMAR SONKAR) माता का नाम - मंजू सोनकर (MANJU SONKAR) एवं सही पता- भवन कमांक 59, सोनकर पारा, धमधा तहसील धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.) पिन नंबर491331 पंजीबद्ध करवाकर डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र बनवाना चाहता हूँ जिसके सबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

**सत्यापन :-**
उपरोक्त शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 04 तक में वर्णित समस्त जानकारी मेरै ज्ञान के अनुसार सत्य एवं सही है। जिसे मुकाम रायपुर में हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**शपथकर्ता**
**अनूप कुमार सोनकर**

**न्यायालय अतिरित तहसीलदार रायपुर व जिला रायपुर (छ.ग.)**

## ईश्तहार

**राप्रक्रमांक/अ-6 ( अ )/2025-26**
**रायपुर, दिनांक 5/5/2026**
**ग्राम-भनपुरी प.ह.नं.-39,**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदेश शर्मा पिता स्व. श्री किशोर शर्मा निवासी रामेश्वर नगर शिव मंदिर के पास भनपुरी तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक के पिताजी मेरे पिता स्व.श्री किशोर शर्मा पिता स्व. श्री झगरू शर्मा के नाम से मौजा भनपुरी प.ह.न. 39 रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित खसरा क्रमांक- 169/9 रकबा 0.0100 हैं0 भूमि याने की 1050 वर्गफुट भूमि राजस्व अभिलेखों में धारित है। आवेदक के पिता स्व.श्री किशोर शर्मा की मृत्यु दिनांक 17/08/2004 एवं आवेदक की माता स्व.श्रीमती हीरामाती शर्मा बेवा स्व.श्री किशोर शर्मा की भी मृत्यु दिनांक 11/10/2011 को हो चुकी है। जिसकी दोनो मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति प्रकरण में संलग्न है। आवेदक के पिता स्व.श्री किशोर शर्मा की मृत्यु उपरांत जिसके विधिक वारिसान एकमात्र वारिसान- संदेश शर्मा (पुत्र) है एवं उसके अलावा अन्य कोई विधिक वारिसान नही है। अत: आवेदक के पिता स्व.श्री किशोर शर्मा के की मृत्यु उपरांत उसके एकमात्र विधिक वारिसान के नामों को फौतीनामांतरण किये जाने किये जाने का निवेदन किया गया है।

अत: आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 19/5/2026 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 5/5/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अति. तहसीलदार**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

## ईश्तहार

**राप्रक्रमांक/अ-6/वर्ष 25-26**
**रायपुर, दिनांक 23/04/2026**
**ग्राम खम्हारडीह, प.ह.नं. 110/63**
**तहसील व जिला रायपुर**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मेरखा बाई टोप्पो पति निरंजन टोप्पो निवासी कंचनपुर रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम खम्हारडीह, प. ह.नं. 110/63, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 631 का भाग, भूखंड कमांक एफ-5, रकबा 2400 वर्गफुट भूमि को विकेता विभाग कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर (छ0ग0) से पंजीकृत बैनामा दिनांक 21/10/1997 के आधार पर कय किया है। अत: पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 11/05/2026 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 11/05/2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **तहसीलदार**
**रायपुर ( छ.ग. )**

**न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर (छ.ग.)**

**मामले की श्रेणी: राजस्व**
**संदर्भ:- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00069 अमलीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक:- RD202526440725400208**

## ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00069 के अंतर्गत ग्राम अमलीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी राहुल छाबरिया पिता/पति-अर्जुन दास छाबरिया पता-न्यू कृष्ण नगर अमलीडीह रायपुर छग, रवि माधवानी पिता/पति-सुदामा माधवानी पता-देवेन्द्र नगर आकाश गैस एजेंसी के पास रायपुर छ.ग., विक्की चीजवानी पिता/पति-चन्द्र कुमार चौजवानी पता-प्रगति विहार कुकरेजा फार्म के पास महावीर नगर रायपुर छग, मुकेश कुमार देवांगन पिता/पति-संत कुमार देवांगन पता-मंगल विहार मुख्य मार्ग अमलीडीह रायपुर छ.ग. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 191/192 (0.0223) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मुकेश कुमार देवांगन पिता/पति-संत कुमार देवांगन पता-मंगल विहार मुख्य मार्ग अमलीडीह रायपुर छ ग, रवि माधवानी पिता/पति-सुदामा माधवानी पता-देवेन्द्र नगर आकाश गैस एजेंसी के पास रायपुर छग, विक्की चीजवानी पिता/पति-चन्द्र कुमार चीजवानी पता-प्रगति विहार कुकरेजा फार्म के पास महावीर नगर रायपुर छ ग, राहुल छाबरिया पिता/पति-अर्जुन दास छाबरिया पता-न्यू कृष्ण नगर अमलीडीह रायपुर छ ग के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27/05/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार 8A रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीह्यलदार**
**रायपुर छ.ग.**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10**

## आम सूचना

**जारी दिनांक 08/05/2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री राहुल शुक्ला पिता राजेंद्र शंकर शुक्ला निवासी ए-50 आम्रपाली सोसाईटी पचपेड़ी नाका रायपुर आवेदित ग्राम डुमरतराई पटवारी हल्का नंबर 74 राजस्व निरीक्षक मंडल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 210/1 रकबा 0.0800 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त नायब तहसीलदार, रायपुर के आदेश दिनांक 24/04/2025 के परिपालन में दिनांक 26/05/2026 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमानंकन में जिस किीस व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 74 के डुमरतराई में स्थित कार्यालय में मैं दस्तावेज सहित स्वंय अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं हैं।

मुहर **राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर छ.ग.**

# सुशासन तिहार का आयोजन, जनसमस्याओं के प्रति राज्य सरकार की संवेदनशीलता - उद्योग मंत्री

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, सार्वजनिक उपक्रम, आबकारी व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने आज कहा कि तपती गर्मी में राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ सुशासन तिहार शिविरों का यह आयोजन आमजनता की समस्याओं के प्रति राज्य सरकार की गहरी संवेदनशीलता का परिचायक है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में शासन प्रशासन आमनागरिकों की समस्याओं के त्वरित व संतुष्टिपूर्ण निराकरण के लिये पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है, समस्याएं दूर हो रही हैं तथा लोगों को त्वरित राहत मिल रही है।

इस आशय के उद्गार उद्योग मंत्री देवांगन ने नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा आयोजित सुशासन तिहार शिविर के आयोजन के दौरान कही। यहाँ उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ कोरबा जिले एवं नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में भी सुशासन तिहार मनाया जा रहा है तथा इसके अंतर्गत शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। कोरबा निगम क्षेत्र में पहला शिविर विगत 07 मई को कोरबा जोन कार्यालय में आयोजित हुआ था तथा इस कड़ी में आज निगम के टी.पी.नगर जोन कार्यालय परिसर में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम को प्रदान की, वहीं कार्यकम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के द्वारा की गई।

इस मौके पर उद्योग मंत्री देवांगन ने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में



राज्य सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं की बेहतरी के साथ-साथ आमजनता की छोटी-बड़ी समस्याओं को दूर करने के लिय पूर्ण रूप से कटिबद्ध है। मुख्यमंत्री साय स्वयं इस तपती गर्मी में शिविरों में अचानक पहुंच रहे हैं तथा आमजनता की समस्याओं से प्रत्यक्ष रूबरू हो रहे हैं। उन्होने कहा कि प्रदेश के मंत्रीगण, जनप्रतिनिधिगण तथा प्रशासनिक अधिकारी आमजनता के बीच पहुंच रहे हैं, उनकी समस्याओं को दूर कर रहे हैं। उद्योग मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि डॉ.रमन सिंह के कार्यकाल में भी ऐसे ही शिविर पूरे प्रदेश में लगते थे, अब मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में पुन:सुशासन तिहार शिविर पूरे प्रदेश में लगाये जा रहे हैं। मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि मुझे खुशी है कि नगर निगम कोरबा की महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत लगातार सक्रिय हैं, आमजनता से सीधे संपर्क करती हैं, उनकी समस्याओ का जानती समझती है तथा उनका निराकरण कराती है, उन्हीं के मार्गदर्शन में कोरबा नगर निगम ने अनेक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं, जिससे हम सभी परिचित हैं। मंत्री देवांगन ने आगे कहा कि जिले के सभी विभाग निगम के साथ कदम से कदम साथ मिलाकर जनसमस्याओं का निराकरण पूरी निष्ठा के साथ करा रहे हैं।

**छत्तीसगढ़ में पुन:स्थापित हुआ सुशासन**

इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अपने उद्बोधन में कहा कि विगत सवा दो वर्षो से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने प्रदेश की कमान अपने हाथ में संभाली हैं, उनकी नीतियों एवं कार्यो की बदौलत छत्तीसगढ़ में अब पुन: सुशासन स्थापित हुआ है। उन्होने कहा कि आमजनता की समस्याएं शीघ्रता से दूर हों, सुशासन तिहार शिविरों का यह प्रमुख उद्देश्य है, मुझे खुशी है कि जिन उद्देश्यों को लेकर यह शिविर लगाये जा रहे हैं, वह उद्देश्य पूरे हो रहे हैं। महापौर श्रीमती राजपूत ने जिला प्रशासन व निगम प्रशासन के अधिकारी कर्मचारियों की सराहना करते हुये कहा कि जिला प्रशासन की पूरी टीम एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के देखरेख में निगम के अधिकारी कर्मचारियों की टीम कोरबा के विकास व नागरिकों की समस्याओ को दूर करने की दिशा में बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं, जिसके लिये मैं अधिकारी कर्मचारियों को साधुवाद देती हूँ, इन्हीं की बदौलत नगर निगम कोरबा ने अनेक उपलब्धियाँ अर्जित की हैं। उन्होने कहा कि उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन लगातार कोरबा के विकास एवं यहाँ के नागरिकों की समस्याओं को दूर करने के लिये कार्य कर रहे हैं, परिणाम स्वरूप कोरबा विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

**आयुक्त ने रखा प्रतिवेदन**

इस अवसर निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने टी.पी.नगर जोन के विकास व निर्माण कार्यो, वहाँ की समस्याओं तथा उनके निराकरण की दिशा में उठाये जा रहे कदमों व जोन द्वारा प्राप्त उपलब्धियों के संबंध में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

# गरियाबंद के वनांचल में सौर ऊर्जा और हैंडपंपों से जल आपूर्ति सुदृढ़

**रायपुर, (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री के %जल जीवन मिशन% के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (क्क॥श्व) गरियाबंद द्वारा जिले के वनांचल क्षेत्रों में पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। मैनपुर विकासखंड के सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों की भौगोलिक चुनौतियों के बावजूद, विभाग द्वारा स्थापित सौर ऊर्जा (सोलर पंप) और हैंडपंप ग्रामीणों के लिए जीवनधारा साबित हो रहे हैं।

**बसाहटों में जल अधोसंरचना का विस्तार**

क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पेयजल हेतु पुख्ता इंतजाम गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के ?ग्राम तारझर के तीन बसाहटों में से नया तारझर में 01 हैंडपंप एवं 01 सोलर पंप पूरी क्षमता के साथ संचालित हैं, जिससे ग्रामीणों को गुणवत्तापूर्ण शुद्ध जल प्राप्त हो रहा है। वहीं कुर्वापानी बसाहट में भी स्थापित 01 हैंडपंप के माध्यम से सुचारु जल प्रदाय जारी है। इसी तरह ?ग्राम मठाल (राजाडेरा) जैसे मैदानी क्षेत्र में 01हैंडपंप की व्यवस्था की गई है, जिससे भीषण गर्मी में भी जल स्तर की समस्या नहीं आती और निर्बाध रूप से पेयजल उपलब्ध रहता है। ?ग्राम भालूडिग्गी के निचले क्षेत्र में हैंडपंप के माध्यम से शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है।

दैनिक प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार
के 25 वर्ष पूर्ण होने पर
आकर्षक ऑफर कम दर में
क्लासीफाईड विज्ञापन
प्रकाशित करें
पब्लिक नोटिस
आम सूचना
कोर्ट नोटिस
खरीदी बिक्री
आवश्यकता
अखबार पढ़ने के लिए स्केन करे :-
VISIT US ON SCAN
संपर्क करें:-
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
9806044444
pratidincg@gmail.com
https://epaper.pratidinrajdhani.in

**विज्ञापन एजेंसियां**

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**प्रेम प्रकाश मध्यानी एड एजेंसी**
लक्ष्मी ड्रेसेस - कपूर होटल के सामने, श्याम नगर, रायपुर
मो. 93294-07988

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1, रायपुर, मो. 99811-30300

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-93291-00263

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य साईं प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल, पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर, रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**माँ एड एजेंसी**
ग्राउण्ड फ्लोर, मंजीत टॉवर, रायपुरा चौक के पास, रायपुर
Website: www.maaadagency.com
मो. 78691-87165

# सुशासन तिहार शिविर में पहुंचे तोखन साहू, मौके पर ही हुआ समस्याओं का निराकरण

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

कोटा विकासखंड के बानाबेल गांव में शनिवार को सुशासन तिहार के तहत जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ विभिन्न योजनाओं का लाभ भी मौके पर दिया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री और बिलासपुर सांसद तोखन साहू ने शिविर का शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसी सोच के तहत गांव-गांव में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें। शिविर में कुल 169 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 152 मांगें और 17 शिकायतें शामिल थीं। इनमें से 17 मामलों का मौके पर निराकरण किया गया, जबकि बाकी मामलों के लिए समयसीमा तय की गई।

सांसद तोखन साहू ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राजस्व मामलों जैसे सीमांकन, बंटवारा और नामांतरण में अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन की संवेदनशीलता और



त्वरित कार्रवाई ही सुशासन की पहचान है। उन्होंने कहा कि गरीबों को मुफ्त राशन, महिलाओं को उज्ज्वला योजना और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

शिक्षा की गुणवत्ता गिरने पर चिंता जताते हुए उन्होंने जिले के परीक्षा परिणाम सुधारने की जरूरत बताई। साथ ही हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

प्रभारी सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने कहा कि सुशासन केवल शिविरों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि साल के 365 दिन प्रशासनिक कार्यप्रणाली में दिखाई देना चाहिए। उन्होंने जल संरक्षण को समय की बड़ी जरूरत बताया।

शिविर में 877 हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। इनमें महतारी वंदन योजना ई-केवाईसी, स्वास्थ्य जांच, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, पीएम आवास योजना के तहत मकान की चाबी वितरण और महिला स्व-सहायता समूहों को करीब 1 करोड़ रुपये के ऋण एवं अनुदान आदेश शामिल रहे। जिला सहकारी बैंक ने 120 किसानों को 58 लाख रुपये की किसान क्रेडिट कार्ड सीमा स्वीकृत की।

शिक्षा की गुणवत्ता गिरने पर चिंता जताते हुए उन्होंने जिले के परीक्षा परिणाम सुधारने की जरूरत बताई। साथ ही हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

शिक्षा की गुणवत्ता गिरने पर चिंता जताते हुए उन्होंने जिले के परीक्षा परिणाम सुधारने की जरूरत आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह

सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और अधिकारी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने एक ही स्थान पर समस्या समाधान और योजनाओं का लाभ मिलने पर संतोष जताया।

# घरों में छिपा रखी थी लाखों की इमारती लकड़ी, दो गिरफ्तार



**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

मरवाही मंडल में अवैध पेड़ कटाई और लकड़ी तस्करी के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों रुपये की अवैध लकड़ी बरामद की है। निजी मकानों में छिपाकर रखे गए साल और सागौन के भारी भंडार को जब्त करते हुए विभाग ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

वन विभाग के अनुसार, मरवाही वन मंडल के गौरेला रेंज अंतर्गत पीपरखुंटी बीट के कक्ष क्रमांक 2324 और 2325 में लंबे समय से अवैध कटाई और लकड़ी भंडारण की शिकायतें मिल रही थीं। हाल ही में जंगलों में सैकड़ों पेड़ों की अंधाधुंध कटाई सामने आने के बाद राज्य स्तरीय फ्लाइंग स्क्वॉड टीम ने भी इलाके का निरीक्षण किया था। जांच के दौरान लाखों रुपये मूल्य की अवैध लकड़ी कटाई का मामला उजागर हुआ था।

इसी बीच शनिवार शाम करीब 4:30 बजे वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली कि पीपरखुंटी क्षेत्र के दो घरों में बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी छिपाकर रखी गई है। सूचना मिलते ही मरवाही डीएफओ ग्रीष्मी चांद के निर्देश पर सर्च वारंट जारी किए गए। इसके बाद वन विभाग की टीम ने दोनों मकानों में दबिश दी। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में अवैध साल लकड़ी बरामद की गई। विभाग ने कुल 136 नग चिरान साल लकड़ी, 11 नग साल लट्ठा तथा सागौन लकड़ी जब्त की। कार्रवाई के दौरान लकड़ी कटाई और चिराई में उपयोग किए जाने वाले हाथ आरी, इलेक्ट्रिक चेन सॉ और कुल्हाड़ी जैसे उपकरण भी बरामद हुए। मामले में लालसिंह राठौर और धनाराम को गिरफ्तार किया गया है। वहीं बसींताल क्षेत्र में सागौन लकड़ी बरामदगी मामले में मुन्ना भाई के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है।

# दूरस्थ बैगा गांवों में पहुंचे प्रभारी सचिव, योजनाओं की जमीनी हकीकत जानी

**मनरेगा, प्रधानमंत्री जनमन योजना और स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया जायजा**

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

बिलासपुर जिले के प्रभारी सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने शनिवार को कोटा विकासखंड के दूरस्थ आदिवासी गांव बनाबेल, खैरझिट्टी और सेमीपाली का दौरा कर विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर योजनाओं के क्रियान्वयन, मजदूरी भुगतान और स्थानीय समस्याओं की जानकारी ली। उनके साथ कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसएसपी रजनेश सिंह और जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल भी रहे।

प्रभारी सचिव ने बानाबेल गांव में मनरेगा से चल रहे खैरी तालाब गहरीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर काम कर रहे मजदूरों से मजदूरी भुगतान और कार्यस्थल की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण ग्रामीण अर्थव्यवस्था और खेती के लिए बेहद जरूरी है।

दौरे के दौरान उन्होंने दारसागर स्थित आदि



सेवा केंद्र का भी निरीक्षण किया। वहीं खैरझिट्टी और सेमीपाली के बैगा बस्तियों में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बने आवासों का जायजा लेकर हितग्राहियों से चर्चा की। प्रभारी सचिव ने विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट की भी समीक्षा की और स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बैगा महिलाओं और बच्चों से बातचीत कर बच्चों को नियमित पढ़ाई के लिए प्रेरित किया।

# कल्याणपुर जंगल में हाथियों की मौजूदगी, प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग पर लगा लंबा जाम

**प्रतापपुर, प्रतिदिन राजधानी**



प्रतापपुर-अंबिकापुर मुख्य मार्ग स्थित कल्याणपुर जंगल में शनिवार को 6 हाथियों का दल पहुंचने से इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हाथियों के सड़क के समीप आने से मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार, यह क्षेत्र वन परिक्षेत्र सूरजपुर के सर्किल लटोरी अंतर्गत कल्याणपुर बीट में आता है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हाथियों का दल अचानक जंगल से निकलकर सड़क किनारे पहुंच गया। हाथियों को देखकर वाहन चालकों और राहगीरों में दहशत फैल गई। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लोगों ने अपने वाहन रोककर दूरी बना ली।

बताया जा रहा है कि इन दिनों क्षेत्र में कई हाथियों के दल सक्रिय हैं और अक्सर सड़क तक पहुंच जाते हैं। इससे आवागमन बाधित होने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

वन विभाग ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। अधिकारियों ने कहा है कि जंगल क्षेत्र से गुजरते समय सावधानी रखें, हाथियों के पास न जाएं और उन्हें किसी प्रकार से उकसाने का प्रयास न करें। विभाग द्वारा हाथियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही है तथा आवश्यकता पड़ने पर वन अमले की तैनाती भी की जाएगी।

# साइबर अपराध रोकने पुलिस, बैंक और आरबीआई एक मंच पर

**बिलासपुर, प्रतिदिन राजधानी**

तेजी से बढ़ते साइबर अपराध और बैंकिंग सिस्टम के दुरुपयोग को रोकने के लिए बिलासपुर पुलिस ने साइबर पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें पुलिस, रिजर्व बैंक, आयकर विभाग और विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने मिलकर साइबर ठगी के बदलते तौर-तरीकों और उससे निपटने की रणनीति पर चर्चा की।

कार्यक्रम का उद्देश्य साइबर अपराध से जुड़े मामलों में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना और बैंक अधिकारियों को यह समझाना था कि ठगी की रकम किस तरह बैंकिंग चैनलों के जरिए निकाली जाती है तथा अपराधी किस प्रकार बैंकिंग ढांचे का दुरुपयोग करते हैं।

कार्यक्रम में आरबीआई, आयकर विभाग, विभिन्न बैंकों के वरिष्ठ अधिकारी, साइबर सेल और साइबर रेंज थाना के अधिकारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत साइबर रेंज थाना के नोडल अधिकारी गगन कुमार ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए की। उन्होंने बताया कि देशभर में अब तक करीब 28 लाख लोग साइबर ठगी का शिकार हो चुके हैं और लोगों से 23 हजार करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी की जा चुकी है। उन्होंने कई वास्तविक



**डिजिटल ठगी रोकने साझा रणनीति पर जोर**

मामलों का हवाला देते हुए कहा कि अनेक साइबर अपराधों में बैंकिंग तंत्र के भीतर से भी अपराधियों को मदद मिलती है। इसमें फर्जी और म्यूल अकाउंट खुलवाना, केवाईसी नियमों को नजरअंदाज करना, पुलिस द्वारा खाते फ्रीज करने से पहले अपराधियों को रकम निकालने की सूचना दे देना और संगठित साइबर गिरोहों को सहायता पहुंचाना शामिल है।

गगन कुमार ने कहा कि साइबर अपराध संगठित आर्थिक अपराध का रूप ले चुका है, जिसमें बैंकिंग सिस्टम, डिजिटल प्लेटफॉर्म और फर्जी दस्तावेजों का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हो रहा है।

इस दौरान एसएसपी रजनेश सिंह ने बैंक अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में वरिष्ठ नागरिक साइबर अपराधियों का सबसे आसान निशाना बन रहे हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि कोई बुजुर्ग बड़ी राशि निकालने या ट्रांसफर करने बैंक पहुंचे तो बैंक कर्मचारी संवेदनशीलता के साथ यह जरूर पूछें कि कहीं वे डिजिटल अरेस्ट, निवेश ठगी या किसी साइबर धोखाधड़ी का शिकार तो नहीं हो रहे।

उन्होंने यह गंभीर मुद्दा भी उठाया कि कई बार साइबर पोर्टल के जरिए खाते पर रोक लगाए जाने के बाद भी उससे रकम निकल जाती है, जिससे पीड़ितों को भारी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि बैंक सीधे कार्रवाई भले न कर सकें, लेकिन संदिग्ध लेनदेन और असामान्य निकासी की सूचना तुरंत पुलिस को देकर अपराध रोकने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।

आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि चालू खाते खोलते समय केवल दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करना पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सुझाव दिया कि फर्म का भौतिक सत्यापन किया जाए, कारोबार और स्टॉक की तस्वीरें ली जाएं, शुरुआती 15 दिनों तक लेनदेन सीमा तय की जाए और बाद में दोबारा केवाईसी जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि फर्म वास्तव में संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी ऐसे खातों का इस्तेमाल केवल ठगी की रकम लेने और तुरंत आगे ट्रांसफर करने के लिए करते हैं। आईजी ने वास्तविक खाताधारकों के खातों को जल्द डी-फ्रीज करने की प्रक्रिया को भी सरल बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने हरियाणा पुलिस और एचडीएफसी बैंक द्वारा शुरू किए गए ड्यूल ओटीपी ऑथेंटिकेशन सिस्टम का उल्लेख करते हुए इसे वरिष्ठ नागरिकों को साइबर ठगी से बचाने की प्रभावी पहल बताया। बैठक में यह भी चर्चा हुई कि वर्षों से निष्क्रिय पड़े कई बचत खाते अचानक बड़े और तेज लेनदेन करने लगते हैं, जो म्यूल अकाउंट होने का संकेत हो सकता है।

# नेशनल लोक अदालत में हजारों प्रकरणों का निराकरण, 5 करोड़ से अधिक के अवॉर्ड पारित

**सूरजपुर , प्रतिदिन राजधानी**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय सूरजपुर में वर्ष 2026 की द्वितीय नेशनल लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने वर्चुअल माध्यम से किया।

इसके बाद जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनीता वार्नर एवं अन्य न्यायिक अधिकारियों की उपस्थिति में वरिष्ठ नागरिक संघ के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर न्याय पर्व की शुरुआत की गई। आयोजन में अधिवक्ता, न्यायिक कर्मचारी, बैंक, नगरपालिका एवं विद्युत विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी



उपस्थित रहे। यह नेशनल लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायालय के साथ-साथ कुटुम्ब न्यायालय, तालुका न्यायालय प्रतापपुर, बाल न्यायालय एवं जिले के सभी राजस्व न्यायालयों में भी आयोजित की गई। इसका उद्देश्य लंबित एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का आपसी सहमति से त्वरित निराकरण करना आयोजित लोक अदालत में मोटर दुर्घटना दावा मामलों में पीड़ित परिवारों को बड़ी राहत मिली। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की खण्डपीठ क्रमांक-1 में वर्षों पुराने एक प्रकरण का 17 लाख 50 हजार रुपये में समझौता हुआ।

खण्डपीठ क्रमांक-3, फास्ट ट्रैक कोर्ट सूरजपुर में एक महिला को मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण में 21 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। वहीं खण्डपीठ क्रमांक-4 में 6 लाख 70 हजार रुपये तथा खण्डपीठ क्रमांक-6 में दो अलग-अलग प्रकरणों का 11 लाख एवं 13 लाख 50 हजार रुपये में निराकरण किया गया।

समाज कल्याण विभाग के सहयोग से ग्राम मसिरा निवासी दिव्यांग बालेश्वर सिंह को मोटराइज्ड ट्राय साइकिल प्रदान की गई। कुछ वर्ष पूर्व पेड़ से गिरने के कारण वे कमर से नीचे के हिस्से से चलने-फिरने में असमर्थ हो गए थे। ट्राय साइकिल मिलने पर उन्होंने न्यायाधीशों एवं समाज कल्याण विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया।

नेशनल लोक अदालत के लिए जिले में कुल 33 खण्डपीठों का गठन किया गया था। इनमें सिविल, पारिवारिक, मोटर दुर्घटना दावा, राजस्व, बैंक लेन-देन, बिजली, टेलीफोन एवं जल बकाया बिलों सहित विभिन्न प्रकार के मामलों की सुनवाई की गई। सभी खण्डपीठों ने आपसी सहमति से हजारों मामलों का सफल निराकरण कराया। 83 हजार से अधिक पक्षकार हुए लाभान्वित नेशनल लोक अदालत में कुल 2587 लंबित विचारार्थ रखे गए थे। इनमें से 83580 प्रकरणों का सफल निराकरण किया गया तथा कुल 5 करोड़ 9 लाख 33 हजार 428 रुपये का अवॉर्ड पारित किया गया।

## सुशासन तिहार, कमलेश्वरपुर शिविर में 905 आवेदन

**अंबिकापुर, प्रतिदिन राजधानी**

'सुशासन तिहार-2026' के तहत शुक्रवार को मैनपाट विकासखंड के कमलेश्वरपुर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 17 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए और अपनी मांगों एवं शिकायतों से प्रशासन को अवगत कराया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ ही कई



हितग्राहियों को मौके पर लाभान्वित भी किया गया। शिविर में 905 आवेदन प्राप्त हुए।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष निरूपा सिंह ने ग्रामीणों को उद्देश्य अंतिम छोर तक सुशासन पहुंचाना है, लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान प्रत्येक आवेदन को ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर निर्धारित समय-सीमा में निराकृत किया जाएगा।

शिविर में जिला पंचायत सीईओ विनय

# चमारीलुंगरा जंगल में मिले दो नरकंकाल

## 6 साल पहले लापता युवक-किशोरी होने की आशंका

**अंबिकापुर, प्रतिदिन राजधानी**

सरगुजा जिले के धौरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चमारीलुंगरा जंगल में शनिवार को दो नरकंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस को आशंका है कि दोनों नरकंकाल वर्ष 2020 में ग्राम जमोनी से लापता हुए एक किशोरी और युवक के हो सकते हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कंकालों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के अनुसार वर्ष 2020 में ग्राम जमोनी निवासी एक किशोरी तथा 19 वर्षीय विनोद कोरवा रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गए थे। परिजनों द्वारा लंबे समय तक उनकी तलाश की गई, लेकिन दोनों का कोई पता नहीं चल सका था। शनिवार को जंगल में मिले नरकंकालों के पास से एक फ्रॉक और हाफ पैंट बरामद होने के बाद परिजन और पुलिस दोनों ने आशंका जताई है कि कंकाल उन्हीं दोनों के हो सकते हैं।

बताया जा रहा है कि गांव के कुछ कोरवा ग्रामीण चूहा मारने के लिए चमारीलुंगरा नाले के पास जंगल गए थे। इसी दौरान झाड़ियों में उन्हें मानव कंकाल दिखाई दिए। यह देखकर ग्रामीण घबरा गए और गांव लौटकर सरपंच को जानकारी दी। बाद में पुलिस को मामले की सूचना दी गई।

सूचना पर धौरपुर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर दोनों नरकंकालों को कब्जे में लिया। पुलिस ने कंकालों को पोस्टमार्टम एवं पहचान संबंधी प्रक्रिया के लिए मरच्युरी भेज दिया है।

अधिकारियों का कहना है कि शिनाख्त के लिए वैज्ञानिक जांच और अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं कराई जाएंगी। मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है।

# मुख्यमंत्री ने हाटकेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना

## प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की कामना की



**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा–अर्चना की। उन्होंने महादेव से राज्य की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

इस दौरान कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक पुरन्दर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री साय आज हाटकेश्वर महादेव मंदिर परिसर महादेव घाट में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में शामिल होने पहुंचे थे।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच मोदी की फिर अपील

# विदेशी वस्तुओं का उपयोग कम करें, ईंधन बचाएं

**एजेंसी, वडोदरा**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया में जारी संकट और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बीच सोमवार को लगातार दूसरे दिन देशवासियों से विदेशी मुद्रा बचाने और आयातित वस्तुओं पर निर्भरता कम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश के संसाधनों पर बोझ घटाने के लिए हर नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

वडोदरा में सरदार धाम से जुड़े विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 卐हमें हर छोटे–बड़े प्रयास से ऐसे उत्पादों का उपयोग कम करना है, जो विदेश से आते हैं और ऐसे व्यक्तिगत कामों से भी बचना है, जिनमें विदेशी मुद्रा खर्च होती हो।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत हर साल लाखों करोड़ रुपये विदेशी वस्तुओं और कच्चे तेल के आयात पर खर्च करता है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हुई हैं और ऊर्जा कीमतों पर दबाव बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि जब–जब देश युद्ध या किसी बड़े संकट से गुजरा है, तब–तब नागरिकों ने सरकार की अपील पर अपने दायित्व निभाए हैं और अब भी वैसी ही सामूहिक जिम्मेदारी निभाने की आवश्यकता है।



मोदी ने लोगों से पेट्रोल–डीजल की खपत कम करने, सार्वजनिक परिवहन का अधिक इस्तेमाल करने और कार पूलिंग को बढ़ावा देने की अपील की। उन्होंने कहा कि मेट्रो, इलेक्ट्रिक बसों और अन्य सार्वजनिक परिवहन साधनों के अधिक उपयोग से विदेशी मुद्रा की बचत में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल तकनीक ने कामकाज को आसान बनाया है और सरकारी तथा निजी संस्थानों में वर्चुअल बैठकों तथा 'वर्क फ्रॉम होम' जैसे विकल्पों को प्राथमिकता देने से ईंधन की खपत कम की जा सकती है। रविवार को हैदराबाद में अपने संबोधन में भी उन्होंने कोरोना काल की तरह 'वर्क फ्रॉम होम', ऑनलाइन बैठकों और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग को फिर से अपनाने की जरूरत पर जोर दिया था।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की बड़ी राशि सोने के आयात पर भी खर्च होती है और लोगों को फिलहाल गैर–जरूरी सोने की खरीद टालनी चाहिए।

उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि विदेशी सामान की जगह स्थानीय उत्पादों को अपनाना समय की मांग है। मोदी ने कहा कि अपने गांव, शहर और देश के उद्यमियों को मजबूत करना ही आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सबसे बड़ा योगदान होगा।

# सुहिणी सोच की धमतरी इकाई स्थापित, प्राप्ति वाशानी बनी अध्यक्ष

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



सिविल लाइन स्थित हरिगिरी टावर में आयोजित सुहिणी सोच के ऑफिसर ट्रेनिंग सेमिनार में एक और नई इकाई धमतरी में स्थापित किए जाने की घोषणा की गई। सेमिनार में उपस्थित प्राप्ति वाशानी ने धमतरी में भी संस्था की इकाई स्थापित करने की इच्छा व्यक्त की, जिस पर उन्हें सर्वसम्मति से धमतरी इकाई का अध्यक्ष चुना गया। धमतरी में शीघ्र ही शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा।

प्राप्ति वाशानी (B.Sc., LL.B.) पूर्व में भारतीय सिंधु सभा धमतरी की अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रह चुकी हैं। सिंधी संस्कृति के संवर्धन हेतु उन्होंने विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन किए हैं। कोरोना काल में जरूरतमंदों की सेवा एवं मानवता के प्रति समर्पण के लिए उन्हें वर्ष 2021 में राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्तमान में वे रेड क्रॉस सोसाइटी जिला धमतरी की चेयरमैन के रूप में जिला प्रशासन के साथ मिलकर रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर एवं जागरूकता अभियान चला रही हैं।

मानव सेवा के प्रति समर्पण और समाजहित में उनके कार्यों को देखते हुए सुहिणी सोच परिवार ने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में धमतरी इकाई नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्योति बुधवानी द्वारा दी गई।

# नगरीय प्रशासन विभाग की नई सचिव शंगीता आर. पहुंची इंद्रावती भवन

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की नई सचिव श्रीमती शंगीता आर. ने आज सवेरे नवा रायपुर में इंद्रावती भवन पहुंचकर विभागीय संचालनालय और सूडा (State Urban Development Authority) कार्यालय का भ्रमण किया। उन्होंने इस दौरान सभी कार्यालयीन कक्षों में जाकर अधिकारियों–कर्मचारियों से बातचीत कर उन्हें कार्यस्थील पर समयबध्द् उपस्थिति, प्रशासनिक कुशलता और तन्मयता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभागीय तथा सूडा के अधिकारियों से वन–टू–वन चर्चा कर योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को योजनाओं के समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

नगरीय प्रशासन विभाग की नवपदस्थ सचिव श्रीमती शंगीता आर. ने इंद्रावती भवन में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यों और योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने नगरीय निकायों के कार्यों, योजनाओं, अधोसंरचना विकास, स्वच्छता, जलप्रदाय, प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन तथा अन्य शहरी विकास परियोजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सर्वजन हिताय के मूल–मंत्र को ध्यामन में रखते हुए नागरिकों की सुविधा के लिए समयबध्द तरीके से कार्य करने के लिए अधिकारियों को प्रेरित किया।

सचिव श्रीमती शंगीता आर. ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं प्रभावी रूप से उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

# जटिल रोगों का कबीरधाम जिला अस्पताल में हो रहा सफल उपचार, महिलाओं का हुआ सफल आपरेशन, मिली राहत

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



जिला अस्पताल कबीरधाम में अत्यधिक एवं लंबे समय तक मासिक रक्तस्राव से पीड़ित दो महिलाओं का सफ्लतापूर्वक उपचार कर उन्हें राहत प्रदान की गई। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा समय पर जांच एवं सर्जरी कर मरीजों को गंभीर जटिलताओं से बचाया गया। डॉ. निहारिका सिंह ने बताया कि लंबे समय तक अत्यधिक मासिक रक्तस्राव को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। समय पर जांच एवं उचित उपचार से गंभीर एनीमिया एवं अन्य जटिलताओं से बचाव संभव है। महिलाओं से नियमित स्त्री रोग जांच कराने तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत चिकित्सकीय सलाह लेने की अपील की है।

पहले मामले में 47 वर्षीय महिला पिछले तीन वर्षों से अत्यधिक एवं लंबे समय तक मासिक धर्म की समस्या से परेशान थीं। लगातार अधिक रक्तस्राव होने के कारण उन्हें नियमित दवाइयों की आवश्यकता पड़ती थी तथा गंभीर एनीमिया की स्थिति में रक्त चढ़ाने (ब्लड ट्रांसफ्यूजन) की जरूरत भी पड़ी।

जांच एवं अल्ट्रासाउंड में गर्भाशय का आकार बढ़ा हुआ पाया गया, जिसका वॉल्यूम लगभग 130 सीसी था। साथ ही एंडोमेट्रियल हाइपरप्लासिया की पुष्टि हुई। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने हिस्टरेक्टॉमी (गर्भाशय निकालने की सर्जरी) करने का निर्णय लिया। सर्जरी के दौरान दोनों ओर रक्तस्रावी पैराओवेरियन सिस्ट पाए गए, जिन्हें सफ्लतापूर्वक हटाया गया। ऑपरेशन पूरी तरह सफ्ल रहा तथा मरीज स्वस्थ होकर घर लौट गईं।

# हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होगा पत्रकारिता मार्तण्ड उत्सव

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में रायपुर प्रेस क्लब के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आगामी 30 मई को आयोजित 卐पत्रकारिता मार्तण्ड उत्सव卐 में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने आमंत्रण के लिए प्रतिनिधिमंडल का आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सफ्लता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय ने 卐पत्रकारिता मार्तण्ड उत्सव卐 के पोस्टर का विमोचन भी किया।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष श्री मोहन तिवारी ने बताया कि यह आयोजन हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली परंपरा, लोकतंत्र में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका तथा पत्रकारिता के योगदान को सम्मानित और स्मरणीय बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने जानकारी दी कि कार्यक्रम में प्रदेश एवं देश के वरिष्ठ पत्रकारों, संपादकों, मीडिया विशेषज्ञों, साहित्यकारों तथा विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों की विशिष्ट हस्तियों की सहभागिता रहेगी। आयोजन के अंतर्गत पत्रकार सम्मान, विचार गोष्ठी, विशेष व्याख्यान एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार श्री आर. कृष्णा दास, प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष श्री गौरव शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# डीएड अभ्यर्थी 137 दिन से नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन पर सरकार मौन क्यों?

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**

डीएड अभ्यर्थियों की सहायक शिक्षक पद पर नियुक्ति की मांग का समर्थन करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि डीएड अभ्यर्थियों सहायक शिक्षकों की 2300 से अधिक पद नियुक्ति की मांग को लेकर माना तूता धरना स्थल पर भरी गर्मी में 137 दिनों से आंदोलन पर है। लंबे समय से चल रहे आंदोलन के कारण अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। मानसिक तनाव एवं खुले में रात–दिन आंदोलन करने के कारण मौसम का दुष्प्रभाव पड़ रहा है, आंदोलनकारियों की तबियत खराब हो रही है। काजल तिर्की, के बाद शैलेन्द्र साहू की तबियत खराब हुई, ऑपरेशन हुआ है। आंदोलकारियों ने सरकार तक अपनी बात पहुँचाने जल सत्याग्रह, अंगार में चलना, दण्डत्व यात्रा, मुख्यमंत्री निवास घेराव सहित नाना प्रकार के प्रदर्शन कर चुके है लेकिन सरकार उनकी मांगों पर आखिर संवेदनशीलता से विचार क्यों नहीं कर रही है? जबकि सहायक शिक्षकों के 2300 पदों पर डीएड अभ्यर्थी को नियुक्ति देने का कोर्ट का भी आदेश है। सरकार आखिर उनकी नियुक्ति क्यों नहीं कर रही है? वैसे भी स्कूलों में शिक्षकों की 60 हजार से अधिक पद रिक्त है।

# रायपुर रेल मंडल में यात्री सुविधाओं और सुरक्षा को सुदृढ़ करने हेतु DRUCC सदस्यों ने महाप्रबंधक को सौंपा विस्तृत मांग पत्र

**रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)**



छत्तीसगढ़ चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के मार्गदर्शन में मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति (छ्त्रष्ट) के सदस्य एवं चेम्बर उपाध्यक्ष लोकेश चंद्रकांत जैन ने क्षेत्र की रेल सुविधाओं को बेहतर बनाने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को व्यापक मांग पत्र सौंपा है। समिति के सदस्य लोकेश चंद्रकांत जैन एवं जितेंद्र शादीजा ने संयुक्त रूप से महाप्रबंधक से मुलाकात कर रायपुर रेलवे स्टेशन सहित मंडल के अन्य स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, सुरक्षा और अधोसंरचना में सुधार की तत्काल आवश्यकता जताई।

सदस्यों ने महाप्रबंधक का ध्यान रायपुर स्टेशन पर बढ़ती भीड़ की ओर आकर्षित करते हुए बताया कि पिछले चार वर्षों में यात्रियों की संख्या दोगुनी हो गई है, जिसके कारण वर्तमान में उपलब्ध अङ्क्ष(टिकट एटीएम) मशीनें अपर्याप्त साबित हो रही हैं। उन्होंने प्लेटफार्म नंबर 2 से 7 तक शेड के विस्तार और गर्मी व बारिश से राहत के लिए 卐वॉटर स्प्रिंकलर卐 सिस्टम लगाने की मांग की। इसके साथ ही, जनरल और स्लीपर क्लास के यात्रियों की सुविधा के लिए गोंदिया स्टेशन की तर्ज पर प्लेटफार्मों पर उचित दूरी पर 卐जनता खाना卐 स्टॉल लगाने का सुझाव दिया गया, ताकि गरीब और मध्यम वर्ग के यात्री ट्रेन की खिड़की से ही सुलभ भोजन प्राप्त कर सकें।

ट्रेन संचालन के क्षेत्र में, सदस्यों ने रायपुर से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और अमृतसर जैसे प्रमुख महानगरों के लिए नई साप्ताहिक ट्रेनें शुरू करने का आग्रह किया। साथ ही, दुर्ग–टाटानगर और दुर्ग–भोपाल मार्गों पर यात्रियों के अत्यधिक दबाव को देखते हुए नई वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की आवश्यकता पर बल दिया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से, रायपुर रेल मंडल के सरस्वती नगर और डब्ल्यूआरएस जैसे छोटे स्टेशनों पर असामाजिक तत्वों की गतिविधियों को रोकने के लिए रात्रि पेट्रोलिंग बढ़ाने और रेलवे प्लेटफार्मों को शॉर्टकट मार्ग के रूप में उपयोग होने से रोकने हेतु कड़े कदम उठाने की मांग की गई है।

क्षेत्रीय विकास और स्वच्छता को लेकर भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए, जिनमें क्यूआर कोड आधारित फीडबैक सिस्टम, 卐एक स्टेशन एक उत्पाद卐 के तहत छत्तीसगढ़ी हस्तशिल्प और मिलेट उत्पादों के स्थायी स्टॉल, तथा स्टेशन के बाहर व्यवस्थित प्रीपेड ऑटो–टैक्सी बूथ का संचालन शामिल है। लोकेश चंद्रकांत जैन ने महाप्रबंधक से मांग की कि होटल राजपुताना के पास जर्जर हो चुकी सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को टाला जा सके। महाप्रबंधक ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से सुनते हुए यात्री हित में आवश्यक कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया है।

# विदेशी मुद्रा बचाने, निवेश बढ़ाने और नवाचार पर जोर दें : अश्विनी वैष्णव

**एजेंसी, नई दिल्ली**




केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को कहा कि वैश्विक भू–राजनीतिक तनाव और ऊर्जा संकट के बीच भारत को विदेशी मुद्रा संरक्षण, घरेलू निवेश बढ़ाने तथा नवाचार आधारित विनिर्माण पर विशेष ध्यान देना होगा।

सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील का उल्लेख करते हुए कहा कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में नागरिकों और उद्योग जगत दोनों को विदेशी मुद्रा बचाने और निर्यात बढ़ाने में योगदान देना चाहिए।

उन्होंने कहा, 卐संघर्ष अभी जारी है और शांति अभी काफी दूर दिख रही है। ऐसे समय में नागरिकों को विदेशी मुद्रा खर्च होने वाली चीजों पर अनावश्यक खर्च कम करना चाहिए और उद्योगों को अधिक निवेश तथा निर्यात बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए।

मंत्री ने कहा कि भारत ने विवेकपूर्ण आर्थिक नीतियों के जरिए वैश्विक अस्थिरता के बावजूद पेट्रोल–डीजल कीमतों और मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखा है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत छह से आठ प्रतिशत की विकास दर बनाए रखेगा और मौजूदा वैश्विक उथल–पुथल से विजेता बनकर उभरेगा।

रेलवे क्षेत्र में बदलावों का उल्लेख करते हुए वैष्णव ने कहा कि पिछले दस वर्षों में 36,000 किलोमीटर नई रेल लाइनें बिछाई गईं और 49,000 किलोमीटर रेलमार्ग का विद्युतीकरण किया गया, जो जर्मनी के कुल रेल नेटवर्क से भी अधिक है। उन्होंने कहा कि रेलवे पूंजीगत व्यय कुछ वर्षों पहले के 66,000 करोड़ रुपये से बढ़कर पिछले वित्त वर्ष में लगभग 2.72 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

उन्होंने बताया कि समर्पित माल गलियारा (डीएफसी) पांच अप्रैल को पूरा हो गया और अब इस पर प्रतिदिन करीब 480 ट्रेनें चल रही हैं, जिससे बंदरगाहों तक माल पहुंचाने का समय 48 घंटे से घटकर 12 से 16 घंटे रह गया है।

उच्च गति रेल परियोजनाओं का जिक्र करते हुए वैष्णव ने कहा कि सात नए हाई–स्पीड रेल कॉरिडोर क्षेत्रीय अर्थव्यवस्थाओं को नई दिशा देंगे। उन्होंने कहा कि मुंबई से पुणे की यात्रा केवल 48 मिनट में पूरी होगी, जबकि पुणे–हैदराबाद के बीच यात्रा 1 घंटा 55 मिनट और हैदराबाद–बेंगलुरु के बीच सफर 2 घंटे 8 मिनट में पूरा किया जा सकेगा।

# रायपुर : अवैध खनिज परिवहन के मामले में 2 हाईवा समेत 6 वाहन जब्त

**कोरिया (प्रतिदिन राजधानी)**

कोरिया जिले में अवैध खनिज परिवहन के मामाले में बीते दिनों संचालित विशेष अभियान में विभाग की टीम ने दो हाईवा, तीन ट्रैक्टर और एक मिनी ट्रक सहित कुल 6 वाहनों को जब्त किया गया है। इन वाहनों से अवैध रूप से कोयला, गिट्टी और ईंट का परिवहन किया जा रहा था।

खनिज विभाग के अनुसार कार्रवाई बैकुंठपुर, पटना और शिवपुर–चरचा थाना क्षेत्र में की गई। गश्त के दौरान टीम को कई वाहन बिना वैध दस्तावेजों के खनिज परिवहन करते मिले। इसके बाद सभी वाहनों को मौके पर ही जब्त कर संबंधित थाना परिसरों में अभिरक्षा में रखा गया।

जिन वाहनों पर कार्रवाई हुई उनमें मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 16 ए 2435, ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 16 सीजी 6738, सीजी 15 एसी 3349 और सीजी 16 सीआर 2013 शामिल हैं। वहीं सीजी 10 एएम 7044 और सीजी 10 एएम 5428 क्रमांक के दो हाईवा भी जब्त किए गए हैं। खनिज विभाग ने संबंधित वाहन मालिकों के खिलाफ छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 की धारा 71 तथा खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक-शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक-हरीश नचरानी, मो.-9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.- 0771-2223399, मो.-6262904444

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25



# पारदर्शिता और विश्वास

# परीक्षा में नकल अब अपराध

**छत्तीसगढ़ लोक भर्ती एवं व्यावसायिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों की रोकथाम विधेयक 2026**

---

**पेपर लीक, तकनीकी धोखाधड़ी व नकल गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर 3 से 10 वर्ष की सजा और ₹10 लाख तक जुर्माने का प्रावधान**





हमसे जुड़ने के लिए

QR स्कैन करें

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

/ChhattisgarhCMO

/DPRChhattisgarh

www.dprcg.gov.in

**सुशासन से समृद्धि की ओर**

**श्री विष्णु देव साय**
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

**श्री नरेन्द्र मोदी**
माननीय प्रधानमंत्री

S-47590